



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 358 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 27 सितम्बर 2024 डाक 28 सिमम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा** — कांग्रेस सांसद शैलजा कुमारी ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी का करनाल पहुंचने पर स्वागत किया



**देश-विदेश** — पहाड़ों से मैदानी इलाकों तक मानसून अभी भी सक्रिय, बिहार और बंगाल में भारी बारिश का अलर्ट



**फीचर पेज** — रोजाना बाल धोना कितना सही कितना गलत, जानें एक्सपर्ट से




## बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी, इतना अहंकार ठीक नहीं, अरविंद केजरीवाल पर स्वाति मालीवाल का वार

**नईदिल्ली, 27 सितम्बर [एजेंसी]।**



आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। केजरीवाल ने विधानसभा में बिभव कुमार का नाम लेते हुए जब यह कहा कि उन्हें और उनकी पार्टी के नेताओं को झूठे केस में फंसाकर जेल भेजा गया तो स्वाति मालीवाल बिफर पड़ीं। स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी। अरविंद केजरीवाल जी, जिस गुंडे ने मुझे आपके निवास पर आपकी मौजूदगी में मारा, जब तक वो जेल में था, आपने देश के सबसे महंगे वकीलों की फौज उसे बचाने के लिए खड़ी करी, मेरे खिलाफ पीसी पे पीसी करवाई। आज जब वो शर्तिया बेल पर बाहर है, उसे पार्टी का सबसे बड़े नेता बताकर कह रहे हैं कि वो फर्जी केस में जेल में डाला गया है। सुप्रीम कोर्ट तक ने बोला कि ऐसे गुंडों को अपने निवास में कौन रखता है। इनके इन वाक्यों से बिभव जैसे गुंडों के हौसले बुलंद नहीं होंगे तो और क्या होगा संदेश साफ है - दोबारा मार पीट भी करोगे तो हम बचा लेंगे। आप सांसद ने आगे लिखा, हर इंसान जो आपके हर गलत काम का साथी हो, बड़ा नेता नहीं होता।

वाह सर, वाह सर कहने वालों को पास रखने का शौंक है इसलिए दुनिया धुंधली दिखनी शुरू हो गई है। हर दूसरे दिन खुद की तुलना मर्यादा पुरुषोत्तम राम से करवाते हो। इतना अहंकार ठीक नहीं है, जो अपनी पार्टी की महिला सांसद के लिए स्टैंड नहीं ले सकता वो दिल्ली की महिलाओं के लिए भी क्या स्टैंड लेगा। बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी। @ArvindKejriwal जी, जिस गुंडे ने मुझे आपके निवास पर आपकी मौजूदगी में मारा, जब तक वो जेल में था, आपने देश के सबसे महँगे वकीलों की फौज उसे बचाने के लिए खड़ी करी, मेरे ख़िलाफ़ पीसी पे पीसी करवाई।

## भारत और चीन में एक बार फिर तनातनी सामने आई

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत और चीन में एक बार फिर तनातनी सामने आई है। भारतीय पर्वतारोहियों द्वारा यहां एक अनाम चोटी का नाम द्वारा रखे जाने को लेकर चीन भड़क गया है। उसने सार्वजनिक तौर पर आपत्ति जताते हुए जमकर भड़ास निकाली है। भारत ने इस चोटी का नाम छठे दलाई लामा के नाम पर रखा है। वहीं, चीन ने एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को चीनी क्षेत्र जांगनान बताया है। हालांकि भारत चीन के दावों को खारिज कर चुका है क्योंकि अरुणाचल प्रदेश भारत का अटूट हिस्सा है। भारतीय पर्वतारोहियों की ओर से अरुणाचल प्रदेश की एक अनाम चोटी का नाम छठे दलाई लामा के नाम पर रखने पर चीन ने बृहस्पतिवार को नाराजगी जतायी और उसने इस क्षेत्र पर एक बार फिर अपना दावा किया।

## भ्रष्ट लोगों को बढ़ावा देते हैं राहुल गांधी, सीबीआई जांच की सहमति वापस लेने पर भड़की भाजपा



**बंगलूरू, 27 सितम्बर [एजेंसी]।**

कर्नाटक में सीबीआई जांच की सहमित वापस लिए जाने को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। भाजपा ने इस मुद्दे पर कांग्रेस को घेर लिया है। भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस, भ्रष्टाचार की दुकान हो गई है। भाजपा ने कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री एक भ्रष्ट व्यक्ति हैं, जो खुद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने गुरुवार को राज्य में जांच के लिए सीबीआई को दी गई सहमति वापस ले ली है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि यह पूरी तरह से साफ हो गया है कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की दुकान बन गई है।

मुडा घोटाले में हाईकोर्ट का आदेश आया है और सीएम पर आरोप लगे हैं। विशेष न्यायालय ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है, लेकिन सीएम सिद्धारमैया इस्तीफा देने के बजाय अहंकार दिखा रहे हैं। अब किसी भी मामले की जांच के लिए आवश्यक राज्य की सहमति वापस ले ली गई है। यह इस बात का सबूत है कि वे किस तरह खुद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जांच के फंदे में फंसे सीएम का यह खुद को बचाने का आखिरी हथकंडा है, लेकिन जिसने भी भ्रष्टाचार किया है, उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए कि वे क्या कदम उठाने जा रहे हैं। कांग्रेस जहां भी सत्ता में आती है, लूटती है। अगर किसी तरह हरियाणा में सत्ता में आ गए तो वहां भी लूटेंगे। लूटना ही कांग्रेस का चरित्र है।

## जिस मास्टमाइंड ने रची शेख हसीना सरकार को हटाने की साजिश, मोहम्मद यूनुस ने खुद दुनिया से कराया परिचय

**नईदिल्ली, 27 सितम्बर [एजेंसी]।**



बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के खिलाफ आंदोलन स्वतः नहीं था। इसका मतलब साफ है कि शेख हसीना को प्रधानमंत्री की कुर्सी से उखाड़ फेकने के लिए एक साजिश रची गई थी, जिसके मास्टरमाइंड की जानकारी खुद मोहम्मद युनुस ने दी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में हिस्सा लेने गए मोहम्मद यूनुस ने न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम में शिरकत की। इस सम्मेलन में उन्होंने दुनिया से उस शख्स का परिचय कराया, जिसने शेख हसीना सरकार को उखाड़ फेंकने की पूरी साजिश को अंजाम दिया। मोहम्मद यूनुस जब न्यूयॉर्क में क्लिंटन ग्लोबल इनिशिएटिव में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने विशेष सहायक महफूज आलम का परिचय दिया।

परिचय के दौरान मोहम्मद यूनुस ने महफूज आलम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि महफूज आलम भी किसी अन्य युवा की तरह ही दिखते हैं, जिन्हें आप पहचान नहीं पाएंगे। हालांकि, जब आप उन्हें काम करते हुए देखेंगे, जब आप उन्हें बोलते हुए सुनेंगे, तो आप दंग रह जाएंगे। उन्होंने अपने भाषणों से देश के युवाओं में ऊर्जा का एक नया स्त्रोत ला दिया है। उन्होंने बताया कि महफूज आलम के दिमाग ने ही पूरे आंदोलन को जन्म दिया।

## तीन हाथियों ने रौंदा हमले में ग्रामीण की मौत



**गरियाबंद ।** जिले के फिंगेश्वर क्षेत्र ने हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों के हमले से एक ग्रामीण की मौत भी हो गई। जानकारी के मुताबिक, तड़के सुबह 3 बजे ग्रामीण फुटु तोड़ने गया था, तभी तीन हाथियों ने उन पर हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही ग्रामीण की मौत हो गई. यह घटना फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र के ग्राम बनगवा की है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत है।

वन विभाग ने हाथियों को लेकर हाई अलर्ट जारी किया है। इसके बाद भी ग्रामीण हाथी की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही फिंगेश्वर वन अमला सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचे हैं।

## तेलंगाना मंत्री श्रीनिवास रेड्डी के परिसर पर ईडी का छापा, धनशोधन मामले के तहत की गई कार्रवाई



*हैदराबाद। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले के तहत शुक्रवार को तेलंगाना के राजस्व मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी और अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी की। हैदराबाद समेत राज्य के पांच परिसरों में छापेमारी की गई। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला श्रीनिवास रेड्डी के बेटे राघव समूह के हर्ष रेड्डी के खिलाफ राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की शिकायत से सामने आया। उनपर पांच करोड़ रुपये की सात घड़ियां खरीदने का आरोप है। इसका भुगतान 100 करोड़ रुपये के हवाला और क्रिप्टो करेंसी रैकेट से जुड़ा है। इस मामले में नवीन कुमार नाम का एक व्यक्ति ईडी की जांच के दायरे में है।*

## पुलिस तालियां नहीं बजा सकती जब...
## देवेंद्र फडणवीस ने आरोपी के एनकाउंटर पर तोड़ी चुप्पी



**नईदिल्ली, 27 सितम्बर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के बदलापुर में एक स्कूल में दो बच्चियों के यौन शोषण के मुख्य आरोपी, अक्षय शिंदे को मुठभेड़ में मार गिराया गया। आरोपी ने पुलिस पर अचानक फायरिंग कर दी जिसके बाद जवाबी फायरिंग में उसे गोली लगी। हालांकि, इस घटना पर काफी चर्चा हो रही है।

कई लोगों का मानना है कि अपराधी को न्यायिक तरीके से सजा मिलनी चाहिए। वहीं, इस पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुलिस एनकाउंटर का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आत्मरक्षा के लिए गोली चलाई थी। अगर कोई पुलिस पर हमला करता है तो पुलिस तालियां नहीं बजा सकती।

देवेंद्र फडणवीस ने इंडिया टुडे से कहा, हम मुठभेड़ों में विश्वास नहीं करते हैं और मेरा व्यक्तिगत तौर पर मानना है कि कानून का पालन किया जाना चाहिए और उसके अनुसार अपराधी को सजा मिलनी चाहिए। यह जल्दी से जल्दी किया जाना चाहिए, लेकिन अगर हमला होता है तो हमारी पुलिस तालियां नहीं बजाएगी।

## मोदी सरकार ने मजदूरों की कर दी चांदी

**नईदिल्ली, 27 सितम्बर [एजेंसी]।**



त्योहारों से पहले सरकार ने कामगारों खासकर असंगठित सेक्टर के श्रमिकों को बड़ा तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने इस सेक्टर में काम करने वाले मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर बढ़ाने का ऐलान किया है। सरकार ने महंगाई के कारण जीवनयापन के बढ़ते खर्च को देखते हुए यह ऐलान किया है। नई दरें 1 अक्टूबर 2024 से लागू होंगी। सरकार ने परिवर्तनीय महंगाई भत्ते (वीडीए) में संशोधन करके न्यूनतम मजदूरी दरों में वृद्धि की घोषणा की है। इस कदम का उद्देश्य श्रमिकों को जीवन-यापन की बढ़ती लागत से निपटने में मदद करना है। केंद्रीय क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में भवन निर्माण, लोडिंग और अनलोडिंग, वॉच एंड वार्ड, स्वीपिंग, सफाई, हाउसकीपिंग, खनन और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगे श्रमिकों को संशोधित मजदूरी दरों से लाभ मिलेगा। नई मजदूरी दरें 1 अक्टूबर, 2024 से लागू होंगी। पिछला संशोधन अप्रैल 2024 में किया गया था। न्यूनतम मजदूरी दरों को कौशल स्तर- अकुशल, अर्ध-कुशल, कुशल और उच्च कुशल के साथ-साथ भौगोलिक क्षेत्र- ए, बी और सी के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। संशोधन के पश्चात क्षेत्र 'ए' में निर्माण, झाड़ू, सफाई, लोडिंग व अनलोडिंग में कार्यरत अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 783 रुपये प्रतिदिन (20,358 रुपये प्रतिमाह) अर्द्धकुशल के लिए 868 रुपये प्रतिदिन (22,568 रुपये प्रतिमाह) कुशल, लिपिक और शस्त्र रहित चौकीदार के लिए 954 रुपये प्रतिदिन (24,804 रुपये प्रतिमाह) तथा उच्च कुशल एवं शस्त्र सहित चौकीदार के लिए 1,035 रुपये प्रतिदिन (26,910 रुपये प्रतिमाह) होगी। केन्द्र सरकार औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में छह माह की औसत वृद्धि के आधार पर, वर्ष में दो बार, 1 अप्रैल और 1 अक्टूबर से, वीडीए में संशोधन करती है।

## सुनील जाखड़ के इस्तीफे की खबर झूठी बीजेपी नेता बोले- विरोधी फैला रहे अफवाह



**चंडीगढ़।** पंजाब बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ के इस्तीफे की खबर को भारतीय जनता पार्टी ने झूठी और निराधार बताया है। बीजेपी नेता अनिल सरीन ने कहा कि सुनील जाखड़ ने कोई इस्तीफा नहीं दिया है। उनकी इस्तीफे की झूठी खबर फैलाई गई है। जो पूरी तरह निराधार है।अनिल सरीन ने वीडियो जारी कर कहा कि यह विपक्षी पार्टी का काम है। बीजेपी की सफलता से विरोधी हताश और निराश है। जिसके चलते ऐसे हथकंडे अपना रहे हैं। सुनील जाखड़ पंजाब बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष अभी भी हैं। वे कहीं नहीं जा रहे हैं। वहीं, आज सुबह खबर आई थी कि सुनील जाखड़ ने पंजाब बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। बीते काफी दिनों से वे पार्टी से दूरी बनाए हुए थे। वे पार्टी से नाराज चल रहे थे। यही कारण है कि वे गुरुवार को पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर रखी बैठक में भी शामिल नहीं हुए।सूत्रों के मुताबिक, रवनीत सिंह बिट्टू को केंद्र में मंत्री बनाए जाने से भी वे पार्टी से नाखुश थे। उन्हें लग रहा था कि वे काफी सीनियर हैं, इसके बाबजूद उनकी अपेक्षा कर बिट्टू को मंत्री बना दिया गया। बताया गया कि सुनील जाखड़ ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर इस्तीफा देने की पेशकश की है। उनकी नाराजगी के दो कारण सामने आए थे।

## सीजी शराब घोटाले से जुड़ी बड़ी खबर, आईएएस पर कसा शिकंजा, सियासी बवाल शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आबकारी घोटाले से झारखंड के तार जुड़ें है। छत्तीसगढ़ आबकारी घोटाले के संबंध में झारखंड में रायपुर की ईडब्ल्यूओ और एसीबीने नई एफआईआर दर्ज की है। धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र रचाने की धाराओं में केस दर्ज हुआ है। ये केस झारखंड के सीएम के पूर्व सचिव आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे और आबकारी के संयुक्त आयुक्त रह चुके झारखंड के ही अफसर गजेंद्र सिंह के खिलाफ हुई है। इन दोनों पर भ्रष्टाचार और सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में आने वाले दिनों में कई गिरफ्तारियां होने की संभावना है। एफआईआर दर्ज होने के बाद झारखंड में सियासी बवाल शुरू हो चुका है। झारखंड के पूर्व सीएम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कई तरह के आरोप सोरेन सरकार पर लगाए हैं। जिन अधिकारियों पर एफआईआरदर्ज की गई है इनसे ईडी ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में भी पूछताछ की थी। ताजा एफआईआर में झारखंड आईएएस विनय कुमार चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, छत्तीसगढ़ के रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा के अलावा झारखंड में शराब आपूर्ति, मैनपावर और होलोग्राम बनाने वाली कंपनियों को भी आरोपी बनाया गया है। यह एफआईआर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018, धारा 420, 120 बी के तहत दर्ज की गई है। एफआईआर में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में शराब कारोबार के जरिए अवैध कमाई करने वाले सिंडिकेट से कथित तौर पर जुड़े रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा, अनवर ढबेर समेत अन्य ने झारखंड में भी कारोबार के लिए जनवरी 2022 में विनय कुमार चौबे समेत झारखंड के आबकारी अफसरों के साथ मिलकर शराब बिक्री का नियम बनवाया। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन के एमडी अरुणपति त्रिपाठी को झारखंड में कंसल्टेंट बनाया गया।




## बालाघाट का नक्सली जगदीश साथियों के साथ पुलिस मुठभेड़ में ढेर, 16 लाख का था इनाम

**बालाघाट ।** छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सीमा पर अबूझमाड़ के जंगल में हुई पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ में बालाघाट निवासी नक्सली जगदीश सहित तीन नक्सली मारे गए हैं। इनमें एक महिला नक्सली भी मारी गई है। मारे गए पुरुष नक्सलियों की पहचान रूपेश और जगदीश के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, नक्सली जगदीश डिविजनल कमेटी मेंबर के रूप में कार्य कर रहा था, जिस पर 16 लख रुपए का इनाम घोषित था।जगदीश बालाघाट जिले का निवासी था। वह मप्र में नक्सली गतिविधियों की शुरुआत से सक्रिय था। वर्तमान में डिविजनल कमेटी मेंबर के रूप में गढ़चिरौली क्षेत्र में सक्रिय था। जगदीश पर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ राज्य में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध हैं।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा





## तो यहां रची गई झारखंड शराब घोटाले की साजिश, 2 बड़े अधिकारियों के नाम शामिल, एफआईआर दर्ज

**रांची-रायपुर, 27 सितम्बर ।**

झारखंड में कथित शराब घोटाले की पूरी साजिश रायपुर में रची गई थी। रायपुर की आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने अपनी प्राथमिकी में इसका जिक्र किया है। ईओडब्ल्यू ने अपनी प्राथमिकी में अनवर ढेबर, एपी त्रिपाठी, अनिल टुटेजा, अरविंद सिंह सहित सात लोगों को आरोपित किया है।इनपर धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपितों में उत्पाद विभाग झारखंड के दो अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं। आरोपितों में से कई वर्तमान में छत्तीसगढ़ में हुए 2200 करोड़ रुपये के घोटाले में जेल में बंद हैं। ईओडब्ल्यू में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार दिसंबर 2022 में झारखंड की शराब नीति में बदलाव किया गया था।

# डाइट में विज्ञान शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



कोरबा। डाइट कोरबा में प्राचार्य राम हरि सराफ के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में पूर्व माध्यमिक शाला पढ़ाने वाले विज्ञान शिक्षकों का प्रशिक्षण ब्लैडेड मोड में संपन्न हुआ जिसके अंतर्गत 2 दिन ऑनलाइन तथा 3 दिन ऑफलाइन प्रशिक्षण डाइट में दिया गया द्य यह प्रशिक्षण दो चरणों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । प्रथम चरण में कोरबा ,करतला, और कटघोरा विकासखंड के शिक्षक तथा द्वितीय चरण में पोड़ी उपरोड़ा और पाली विकासखंड के शिक्षक सम्मिलित हुए।

प्रशिक्षण में विज्ञान पढ़ाने के साथ-साथ पाठ में दिए विषय वस्तु और प्रक्रिया पर फोकस किया गया साथ ही-साथ कौशलों और दक्षताओं के विकास, अवधारणात्मक समझ प्रयोग विधि और प्रदर्शन विधि से शिक्षको का उन्मुखीकरण किया गया ।तथा विज्ञान शिक्षण के उद्देश्य के अंतर्गत विज्ञान की प्रकृति ,वैज्ञानिक प्रक्रिया ,विज्ञान शिक्षण को वर्तमान संदर्भ में समझाते हुए कक्षा शिक्षण करना ,गतिविधि को स्थानीय परिवेश से जोड़ना ,कक्षा कक्ष के अनुभव और चुनौतियों को समझना और उस पर चर्चा करना ,विषय पर जानकारी अनुभव साझा किया गया ।

अवलोकन करना ,खोज करना ,समस्या चुनना तर्क देना ,अनुमान लगाना, परिकल्पना करना निष्कर्ष तक पहुंचने पर ध्यान देते हुए विज्ञान और प्रकाश की प्रकृति, भौतिक और रासायनिक परिवर्तन ,सूक्ष्मदर्शी तकनीक और कोशिकाओं का अवलोकन ,लर्निंग आउटकम ,एक अच्छी कक्षा ,अत: विषय क्षेत्र में शिक्षा ,आकलन , ब्लू प्रिंट निर्माण विषय को प्रशिक्षण में रोचक, समूहवार गतिविधि ,छोटे-छोटे प्रयोग करके प्रदर्शन विधि से संबंधित कक्षा कक्ष में प्रश्न उत्तर विधि पर चर्चा परिचर्चा के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया । प्रशिक्षण में क्या पाया विज्ञान के शिक्षकों में इसकी जांच के लिए आकलन व मूल्यांकन विधि के द्वारा रसायन ,भौतिकी ,वनस्पति ,जंतु विज्ञान से संबंधित क्विज, बूझो तो जाने ,अनुमान लगाओ और बताओ ,संबंधित रोचक गतिविधि के माध्यम से ज्ञान संबंधी बातें आपस में साझा किया गया ,प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर, मॉडल , तथा पाठ के विषय वस्तु की अवधारणात्मक समझ के लिए ञ्जरूका प्रदर्शनी लगाया गया।कार्यक्रम की विषय समन्वयक श्रीमती आशु गुप्ता ,व्याख्याता ,तथा इस प्रशिक्षण को प्रभावशील बनाने मास्टर ट्रेनर्स डाइट से व्याख्याता श्रीमती पदमा प्रधान, जिले से श्री राकेश कौशिक सर ,श्री दामोदर मरकाम सर , श्रीअमित आदित्य सर ,श्रीमती लीना साहू मैडम,श्री संतोष मिश्रा सर थे। 2020 और स्ह्रस्न जैसे मुख्य बिंदुओं पर जानकारी साझा करने डाइट के ब्याख्याता,ढ्ढस्न्रश्व श्री गौरव शर्मा एवं श्रीमती रिंकू लोध ,वरिष्ठ व्याख्याता एवं क्रूञ्श्र श्री पी .के,कौशिक ,ढ्ढस्न्रश्व प्रभारी श्री अरविंद शर्मा सर एवं प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती किरण लता शर्मा मैडम द्वारा प्रशिक्षण के पूरे दिवस विज्ञान विषय में प्रोत्साहन एवम मार्गदर्शन दिया गया ।प्रशिक्षण के अंत में डाइट के आदरणीय प्राचार्य महोदय श्री राम हरि शराफ सर के द्वारा प्रशिक्षण में आए सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि आप सभी खोजी प्रवृत्ति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखते हुए नवाचारी शिक्षक बने ।

बच्चों को प्रायोगिक कार्य कराते हुए बाल वैज्ञानिक बनाने हेतु कार्य करे लो कॉस्ट नो कॉस्ट वस्तुओ का उपयोग करके विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक कार्य सम्बन्धित ञ्जरूबनाएं अंत में सभी शिक्षकों को आगे अपने विद्यालय में जाकर गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शुभ कामनाएं ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर डाइट के ब्याख्याता श्रीमती पूजा बघेल मैडम तथा श्रीमती सुहावनी एवं श्रीमती विद्या कंवर ऑफिस स्टॉफ से उपस्थित थे।

# निराश्रित रथबाई के लिए महतारी वंदन योजना की राशि बनी वरदान

## प्रधानमंत्री आवास योजना से पूरा हुआ पक्का मकान का सपना



कोरबा । विकासखण्ड कोरबा अंतर्गत ग्राम पंचायत केरवा के आश्रित ग्राम ढेंगुरडीह की निराश्रित वृद्धा रथबाई को कुछ माह पहले तक अपनी छोटी-छोटी जरूरतों की पूर्ति के लिए कुछ लोगों से पैसे मांगने की आवश्यकता पड़ती थी। कई बार उन्हें जरूरी काम के लिए किसी से उधार भी लेना पड़ता था। अब जबकि महतारी वंदन योजना से हर महीने खाते में 01 हजार रूपए समय पर मिल जाते हैं तो रथबाई को किसी के आगे रूपए के लिए दर-दर की ठोकरे खाने या किसी से फरियाद जैसी नौबत नहीं आती है। रथबाई ने बताया कि उम्र के साथ ही उन्हें कुछ भी काम करने में परेशानी है वह किसी तरह छोटे-मोटे घरेलू काम कर लेती है। उन्होंने बताया कि विगत माह महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का आहरण किया है। इस राशि का उपयोग अपने उपचार और बीमारी के दौरान दवा, फल और सब्जी खरीदने सहित अन्य कार्यों में करती है।निराश्रित रथबाई ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत उसका पक्का मकान भी बनकर तैयार हो गया है। फिलहाल वह मिट्टी के घरों में रह रही है। आने वाले दिनों में पक्का मकान में निवास करेगी। रथबाई ने बताया कि महतारी वंदन योजना को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू किए जाने के बाद हम जैसी वृद्ध महिलाओं के लिए यह वरदान साबित हो रही है। हर महीने खाते में 01 हजार की राशि प्राप्त हो जाती है, इससे छोटी-मोटी जरूरतें हम पूरी कर लेते हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना लागू किए जाने से ग्रामीण क्षेत्र की गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को बहुत लाभ पहुंचने की बात कही और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार के प्रति आभार भी प्रकट किया।

## मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन 02 से 08 अक्टूबर तक

कोरबा । कलेक्टरअजीत वसंत के निर्देशन में जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्यों/पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम हेतु समाज में जागरूकता फैलाने 02 से 08 अक्टूबर तक मद्य निषेध दिवस सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।उक्त कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर भारत माता वाहिनी के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही नशामुक्ति कार्यक्रम अंतर्गत जन जागरूकता विकसित करने हेतु रैली, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मानव श्रृंखला, चित्रकला, भाषण आदि गतिविधियां संचालित की जाएगी।

# आंगनबाड़ी में सक्षम सप्ताह का किया जा रहा आयोजन




कोरबा । जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण माह के अंतिम सप्ताह को ''सक्षम सप्ताह'' के रूप में चिन्हांकित कर शुभारंभ किया गया। सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों के संबंध में जनसमुदाय को आंगनबाड़ी केन्द्र की सेवा व सकारात्मक परिवर्तन पहुँचाने हेतु 30 सितंबर तक ''सक्षम सप्ताह'' का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर केन्द्रों में जनप्रतिनिधि, स्थानीय लोग एवं हितग्राही उपस्थित रहे। केन्द्रों में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा गतिविधियों का आयोजन, लघु विडियो का प्रदर्शन कर सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र की प्रमुख विशेषता व प्रभाव पर प्रकाश डाला गया तथा जानकारी जन-जन तक पहुँचाई गई ।सक्षम सप्ताह के दौरान विविध थीम पर गतिविधियां अभियान मोड पर आयोजित की जायेगी। जिसमें इंटरैक्टिव डीआईआय शिल्प सत्र, ईसीसीई दिवस समारोह, किशोरी बालिका रंगोली प्रतियोगिता बच्चों हेतु रायमिंग, चित्रकला, नृत्य प्रतियोगिता, सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों के विभिन्न घटक से संबंधित गतिविधियां जैसे- पोषण वाटिका, एक पेंड़ माँ के नाम, शिक्षा चौपाल, खेलो और पढ़ो, स्वदेशी खिलौना मेला, पोषण ट्रैकर में आधारभूत संरचना को अद्यतन करना, जल संरक्षण, वाश सत्र का आयोजन आदि है।

# सरस्वती साईकिल योजना से छात्रों की स्कूल में उपस्थिति में हुई वृद्धि :पार्षद नरेंद्र देवांगन



कोरबा । छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती सायकल योजना ने छात्राओं की जिंदगी में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। इस योजना के तहत शासन द्वारा छात्राओं को मुफ्त साइकिलें वितरित की जा रही हैं ताकि वे स्कूल तक आसानी से पहुंच सकें।

इसी कड़ी में बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक साडा कन्या विद्यालय, विकासखंड कोरबा में सरस्वती सायकल योजना के तहत 100 छात्राओं को वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन के मुख्य आतिथ्य में साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की सरस्वती सायकल योजना का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले छात्राओं की सुविधाओं और उनके शिक्षा में निरंतर को बढ़ावा देना है ।सरस्वती सायकल योजना ने न केवल छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में मदद की है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। अब वे स्कूल जाने के लिए उत्साहित हैं और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयास कर रही हैं। इस योजना के तहत शासन ने अब तक लाखों छात्राओं को मुफ्त साइकिलें वितरित की हैं ।यह योजना न केवल छात्राओं को शिक्षा के अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बना रही है। इस योजना के परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ में छात्राओं की स्कूल उपस्थिति में वृद्धि हुई है। अब वे स्कूल जाने के लिए उत्साहित हैं और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयास कर रही हैं ।इस अवसर पर वॉर्ड पार्षद ऋतु चौरसिया, पंकज देवांगन, मोनिका साहू, प्राचार्य रणधीर सिंह, एल. देवांगन, जयपाल सिंह कंवर सहित शिक्षक उपस्थित थे।

## मेगा इवेंट किया संचालित

कोरबा । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय कोरबा एवं स्व. बिसाहू दास चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध इंदिरा गाँधी जिला चिकित्सालय कोरबा के परिसर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन.केशरी, डीन डॉ. अविनाश मेश्राम सहित नगर निगम व महाविद्यालय के अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाईयों के स्वयं सेवकों तथा अधिकारियों के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चला कर श्रमदान किया गया तथा रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी के द्वारा शपथ दिलाकर स्वयंसेवकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहे कि जीवन के प्रत्येक मोड पर स्वच्छता और जागरुकता जरूरी है। स्वच्छता जागरूकता हेतु युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों द्वारा 130 से अधिक स्वयंसेवकों को संबोधित किया ।

# झारखंड पहुंचकर ज्योतिनंद ने ली कार्यकार्ताओं की बैठक



कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरगुजा भाजपा जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे अपने प्रभार क्षेत्र झारखंड राज्य के मांडू विधासभा के मांडू मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मंडल की कार्य योजना एवं शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पन्ना प्रभारी के कार्यों की समीक्षा कर आगामी कार्यों की रूपरेखा बनाई, इस अवसर पर रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी, रामगढ़ नगर परिषद मीडिया प्रभारी संजीव कुशवाहा, मांडू मंडल मंत्री डिंपल प्रजापति, बूथ अध्यक्ष रवि प्रजापति,प्रेम कुमार, मुकेश कुमार, रवि , दिलीप , नितेश , रोहित, आशीष कुमार, पिंटू कुमार, सुशील कुमार रूपेश कुमार, प्रभाकर कुमार, सुजीत सिंह,एवं भाजपा मांडू मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे,,

# ठेका कंपनियों में खदान प्रभावितों को मिलेगा रोजगार

## बैठक में मिले आश्वासन के बाद आंदोलन किया गया स्थगित




कोरबा । कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में कटघोरा विधायक प्रतिनिधि व बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के सदस्य संतोष राठौर द्वारा बीते दिन कुसमुंडा प्रबंधन को ज्ञापन सौंप कर क्षेत्र के खदान प्रभावित किसानों को ठेका कंपनियों में रोजगार दिलाने की मांग को लेकर 26 सितंबर को खदान बंद की चेतावनी दी थी। जिसके बाद प्रबंधन हरकत में आया और जीएम माइनिंग पी. मुखर्जी के नेतृत्व में गेवरा बस्ती के ग्रामीणों, एसईसीएल और ठेका कंपनी के अधिकारियों के बीच कुसमुंडा कार्यालय में बैठक आहूत की गई। जिसमें सभी ठेका कंपनी द्वारा लगभग 150 लोगों को नौकरी देने का आश्वासन दिया गया है। विधायक प्रतिनिधि संतोष राठौर ने बताया कि बैठक में कुसमुंडा प्रबंधन के साथ-साथ कुल 6 ठेका कंपनी के अधिकारियों के साथ गेवरा बस्ती क्षेत्र के किसानों की बैठक हुई, जिसमें एक सप्ताह के भीतर 15 और महीने पर में कुल 20 और आगे आने वाले नवंबर, दिसंबर माह में लगभग 150 किसानों को रोजगार देने का आश्वासन दिया गया है। जिसके बाद 26 सितंबर को खदान बंद आंदोलन को स्थगित किया जा रहा है। श्री राठौर ने आगे बताया कि खदान क्षेत्र के प्रभावितों को रोजगार देना प्रबंधन की प्राथमिकता है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारा कर्तव्य है कि आमलोगों को होने वाली समस्याओं को हम उठाएं और उनके हक अधिकार की लड़ाई लड़े और इसी में सभी का हित जुड़ा हुआ है।अधिकारियों द्वारा मिले आश्वासन से हम सभी संतुष्ट है, आगे अगर आश्वासन पर वादाखिलाफी होती है तो फिर आंदोलन किया

## वृद्धजन दिवस पर कार्यक्रम 1 को

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में जिले में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण एवं सम्मान के प्रति जन सामान्य में चेतना विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष की भांति 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान समारोह, कार्यशाला, सेमीनार, जागरूकता शिविरों आदि का आयोजन शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के सहयोग से कराया जाएगा।

# यदि आंख सही और सुरक्षित है तो आप दुनिया की हर खुशी का आनंद लेते हैं:डॉक्टर रामलाल नेत्र रोग विशेषज्ञ



कोरबा। नेत्र वह इन्द्रिय है जिसकी सहायता से देखते हैं। मानव नेत्र लगभग 1 करोड़ रंगों में अन्तर कर सकता है। नेत्र शरीर की प्रमुख ज्ञानेन्द्रिय हैं जिससे रूप-रंग का दर्शन होता है। मनुष्य की आंख सबसे महत्वपूर्ण प्रकाशीय उपकरण है जो प्रकाश का पता लगाता है और ऑप्टिक तंत्रिका के माध्यम से मस्तिष्क तक संकेत भेजता है। यह एक आवश्यक अंग है जो हमें देखने की क्षमता देता है। यह प्रकाश संवेदन, दृष्टि और विभिन्न रंगों के बीच अंतर करने की अनुमति देता है।मानव आँख सबसे मूल्यवान और संवेदनशील इंद्रियों में से एक है, जो हमें अपने आस-पास की रंगीन दुनिया को देखने में सक्षम बनाती है। यह एक फोटोग्राफिक कैमरे की तरह है। आँख की लेंस प्रणाली प्रकाश संवेदनशील स्क्रीन पर वस्तु की छवि बनाती है। आंख पर्यावरण से प्रकाश लेते हैं और मस्तिष्क को प्रक्रिया करने के लिए दृश्य जानकारी भेजते हैं। प्रकाश कॉर्निया से होकर गुजरता है, जो एक गुंबद के आकार की संरचना है। कॉर्निया प्रकाश को मोड़कर आंख को फोकस करने में मदद करता है। आईरिस इस प्रकाश के कुछ भाग को पुतली में प्रवेश करने देता है।आँख में वास्तव में 2 लेंस होते हैं। क्रिस्टलीय लेंस और कॉर्निया दोनों ही आँख में लेंस के रूप में कार्य करते हैं।मनुष्य का आंख का वजन 8 ग्राम होती है। मनुष्य की एक आंख के आयबॉल का वजन औसतन 28 ग्रॅम रहता है । औसतन, मानव आंख का वजन लगभग 7.5 ग्राम होता है।देखने का कोण आंखों के सामने वस्तुओं या दृश्यों के आकार को परिभाषित करता है। प्रत्येक आँख का देखने का कोण 120-200ए होता है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि चीज़ें कितनी बारीकी से देखी जाती हैं।साथ ही, आँखों के बीच ओवरलैपिंग क्षेत्र लगभग 130ए चौड़ा होता है - लगभग फ़िशआई लेंस जितना चौड़ा।इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से नेत्र जांच शिविर का विशेष आयोजन किया गया।इस नेत्र जहां शिविर में सभी विद्यार्थियों का बारी-बारी से विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम ने मित्र जांच किया। नेत्र जांच कर सभी विद्यार्थियों को आवश्यक सुझाव सावधानी एवं समुचित देखभाल हेतु निर्देशित किया गया। सभी विद्यार्थी अपने-अपने कक्षा शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ कतारबद्ध होकर डॉक्टर से नेत्रों की जांच करवाकर स्वास्थ्य लाभ हेतु उचित सुझाव प्राप्त करते गए एवं आवश्यक होने पर डॉक्टर की टीम ने दवाइयां का भी सुझाव दिया एवं जिन विद्यार्थियों की आंख किसी कारणवश ज्यादा प्रभावित है उन्हें जांच कर लेंस लगाने की भी सलाह दी।मैं प्रयोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने बहुत बारीकी से विद्यार्थियों के आंखों का परीक्षण किया एवं विद्यार्थियों को उचित सलाह देते हुए कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा मोबाइल के उपयोग से बचना चाहिए लगातार मोबाइल स्क्रीन पर नजर में स्थिर रखने से हमारी दृष्टि क्षमता कम होने का खतरा रहता है आज अधिकांश बच्चों को चश्मा सिर्फ इसी वजह से लगा मिलता है। यदि हम घर में मनोरंजन हेतु टेलीविजन के पास भी बैठते हैं तो हमें दूर में बैठना चाहिए अत्यधिक नजदीक से टीवी स्क्रीन पर भी देखने से आंखें प्रभावित होती है। डॉ रामलाल (नेत्र रोग विशेषज्ञ )ने कहा कि आंखें ईश्वर का बहुमूल्य उपहार है हमें हर स्तर में इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। आंखों की रोशनी लंबे समय तक बरकरार रखने हेतु हमें विटामिन ए से भरपूर पौष्टिक आहार खाना चाहिए। शीत ऋतु में खाली पांव हमें ओस से भीगे हुए घास पर भी चलना चाहिए। हमें प्रात: काल सूर्य नमस्कार भी करना चाहिए ।उगते हुए सूरज को प्रात: कालीन बेला में लगातार देखने का प्रयास करना चाहिए। इससे भी हमारे नेत्रों की ज्योति बढ़ती है । ज्यादा मोबाइल के उपयोग से हमें परहेज करना चाहिए। यदि आंखें हमारी स्वस्थ हैं तो हम यह समझें कि दुनिया की हर खुशी देखने के लिए हम तैयार हैं ।दर्द उनसे पूछिए जिनकी आंखें नहीं है ।

या किसी कारणवश आंखों की रोशनी चली गई है। जिंदगी भर भगवान की बनाई इस खूबसूरत दुनिया को निहारना है तो हमें आंखों की भरपूर देखभाल करनी चाहिए ।हमेशा पौष्टिक भोजन लेना चाहिए आंखों को किसी भी स्तर से नुकसान होने से बचना चाहिए।धूम्रपान से बचें। धूम्रपान से उम्र से संबंधित नेत्र रोग जैसे मैक्युलर डिजनरेशन और मोतियाबिंद विकसित होने का जोखिम बढ़ जाता है और ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुंच सकता है । अपने परिवार के चिकित्सा इतिहास को जानें। कुछ नेत्र रोग वंशानुगत होते हैं, इसलिए यह पता लगाना महत्वपूर्ण है कि क्या आपके परिवार में किसी को ये रोग हुए हैं। इससे आपको यह पता लगाने में मदद मिल सकती है कि आपको नेत्र रोग होने का अधिक जोखिम है या नहीं। अपनी आँखों को आराम दें। अगर आप कंप्यूटर पर बहुत ज़्यादा समय बिताते हैं, तो आप पलकें झपकाना भूल सकते हैं और आपकी आँखें थक सकती हैं। आँखों की थकान कम करने के लिए, 20-20-20 नियम आज़माएँ- हर 20 मिनट में, 20 सेकंड के लिए अपने सामने लगभग 20 फ़ीट दूर देखें।विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षाविद डॉक्टर संजय गुप्ता* ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आंखें ईश्वर का दिया हुआ बेस् कीमती उपहार है। आंखों की संरचना और आंखों का कार्य वाकई लाजवाब है। आंखें सुरक्षित हैं तो दुनिया की हर खुशी हमारे लिए सुरक्षित है। स्वस्थ आंखों से हम उगते हुए सूरज व डूबते हुए सूरज की लालिमा को निहारते हैं ,तो प्रकृति की हरियाली से गदगद होते हैं ।वहीं रात को टिमटिमाते तारों की रोशनी हमें लुभाते हैं तो कहीं पक्षियों का आसमान में चहचहाना हमें नजर आता है या इस रंग-बिरंगी दुनिया की हर खुशियों से हम पल-पल आह्लादित होते रहते हैं। यह सब संभव होता है हमारे स्वस्थ नेत्रों से। हमें इस बेसकीमती उपहार की बहुत सुरक्षा करनी चाहिए ।किसी भी स्तर से हमें इसे अस्वस्थ होने से बचना चाहिए ।समय-समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर से हमें सलाह लेते रहना चाहिए।

आपकी आंखें आपके स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ज़्यादातर लोग अपने आस-पास की दुनिया को देखने और समझने के लिए अपनी आँखों पर निर्भर रहते हैं। लेकिन कुछ आँखों की बीमारियों से दृष्टि हानि हो सकती है , इसलिए आँखों की बीमारियों की जल्द से जल्द पहचान करना और उनका इलाज करना ज़रूरी है। आपको अपनी आँखों की जाँच जितनी बार हो सके उतनी बार करवानी चाहिए, जितनी बार आपका स्वास्थ्य सेवा प्रदाता इसकी सलाह देता है, या अगर आपको कोई नई दृष्टि समस्या है। और जिस तरह अपने शरीर को स्वस्थ रखना ज़रूरी है, उसी तरह आपको अपनी आँखों को भी स्वस्थ रखना चाहिए।

नियमित व्यायाम करें। व्यायाम मधुमेह, उच्च रक्तचाप और उच्च कोलेस्ट्रॉल को रोकने या नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। ये रोग कुछ आंखों या दृष्टि संबंधी समस्याओं का कारण बन सकते हैं। इसलिए यदि आप नियमित रूप से व्यायाम करते हैं, तो आप इन आंखों और दृष्टि संबंधी समस्याओं के होने के जोखिम को कम कर सकते हैं।आँखें तो सभी प्राणियों को होती हैं, लेकिन मनुष्य में इसका अलग ही महत्व है। शरीर का सबसे ज्यादा कोमल अंग आँखें होती हैं, इसलिए इनकी सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। आँखों का काम सिर्फ देखना और देखे हुए संदेश को मस्तिष्क तक पहुँचाना होता है। शरीर की खूबसूरती में भी ये सहायक हैं।

# नवरात्र में जलेंगे देवी मंदिरों में आस्था के दीप



**जांजगीर-चांपा।** शक्ति उपासना का पर्व शारदीय नवरात्रि गुरुवार 3 अक्टूबर से हो प्रारंभ हो रहा है। इसके साथ ही देवी मंदिरों में आस्था के दीप जगमगाएंगे। इस पर्व को लेकर देवी मंदिरों में तैयारियां प्रारंभ हो गई है। मंदिरों का रंग रोगन किया जा रहा है। ज्योति कलश कक्ष को भी तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा जगह-जगह आकर्षक पंडालों में भी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी है। नवरात्र पर्व को लेकर जिले में आम जनता में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

शारदीय नवरात्रि में मां शक्ति के 9 स्वरूपों की पूजा होती है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में मनोकामना दीप प्रज्जवलित करते हैं, जिसके लिए समिति के लोग रसीद काटने में जुट गए हैं। भक्त तेल ज्योति एवं घृत ज्योति के लिए भक्त रसीद कटवा रहे यहां भक्त हैं। नवरात्रि में पूरे नौ दिनों तक अंचल में माहौल भक्तिपूर्ण रहेगा। इसके लिए चंद्रपुर पर भी की चंद्रहासिनी, शिवरीनारायण की अन्पूर्णा खोखरा की मनकादाई, हरदी मे महामाया की दीप प्रज्जवलित, मदनपुरगढ़ की मनकादाई मंदिर खोखरा,जांजगीर के देवीदाई मंदिर सहित केरा मे चंडीदेवी,आधार मे अष्टभुजी मां आदि जिले के सभी देवी मंदिरों में लिपाई पोताई का काम चल रहा है। सदस्य ज्योति कलश के लिए रसीद बुक पंडालों में लेकर श्रद्धालुओं से संपर्क कर रहे हैं।

शिवनीनारायण की अन्नपूर्णा माता श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में मनोकामना दीप प्रज्वलित करवाना चाहते है। महामाया मंदिर हरदी, स्थित मां मनकादाई मंदिर तथा ग्राम नवापारा के मौली दाई मंदिर में दीप प्रज्वलित किया करने की तैयारी चल रही है। ग्राम कोडाभाट में आदि काल से विराजित चण्डी मंदिर में शारदीय नवरात्र महापर्व की तैयारी शुरू हो गई है। यहां 3 अवटुबर से 11 अक्टूबर तक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किये जायेंगे। नवरात्र मनाने जय चण्डी दाई सेवा समिति के सदस्य के साथ ग्रामवासी जुट गए है। समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह चन्देल ने बताया कि घट स्थापना उपरांत नियत समय पर एक साथ ज्योति प्रज्वलित किये जायेंगे। विधीविधान से पूजा पाठ आरती और संध्या आरती आचार्य योगेश उपाध्याय द्वारा किया जाएगा। देवी दाई मंदिर में साफ-सफाई के साथ चल रहा रंग-रोगन,हिंदू धर्म के मुख्य वत-त्योहारों में से एक नवरात्रि को माना जाता है। इस चार गुरुवार 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। नवरात्र में अष्टमी और नवमी तिथि का विशेष महत्व माना जाता है। इस तारतम्य में जिला मुख्यालय जांजगीर के विशाल भीमा तालाब के किनारे विराजे मां भगवती देवी दाई मंदिर में शारदीय नवरात्रि की तैयारी प्रारंभ हो गयी है। नवरात्रि के तैयारी के संबंध में मंदिर के मुख्य पुजारी विनोद उपाध्याय व सुदीप उपाध्याय ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां भगवती देवी मंदिर में नवरात्रि की तैयारी जोरो पर है। आगामी 3 अक्टूबर गुरुवार से घट स्थापना अभिजीत मुहूर्त के साथ नवरात्र प्रारम्भ होगा। मंदिर परिषर को साफ- सफाई कर रंग-रोगन किया जा किया जा रहा है। इस वर्ष मंदिर के चारों तरफ को आकर्षक लाईट से सजाया जायेगा। नवरात्रि के दोनो पर्व पर भक्तगण दूर-दूर से मां देवी वाई का दर्शन करने पहुंचते है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तरह सैकड़ों की संख्या में ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जा रहा है। जिसका रसीद कटना माह भार पहले से शुरू कर दी गयी।

## मांगों को लेकर निकाली गई यादव जन जागरण यात्रा का किया गया स्वागत

**पामगढ़।** यादवों के अधिकार की लड़ाई के शंखनाद करते हुए 7 सितंबर से मां दंतेश्वरी माता दंतेवाड़ा से पूजा-अर्चना याशीर्वाद के बाद यादव जन जागरण यात्रा का शुभारंभ चार सूत्रीय मांगो को लेकर यादव समाज जन जागरण यात्रा पर है। बस्तर के दंतेश्वारी मंदिर से 7 सितंबर को यात्रा का आगाज हुआ है, जो अनवरत रुप से जारी है। इसी कड़ी में जन जागरण यात्रा पामगढ़ पहुंचने पर समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। यात्रा का समापन 30 सितंबर को राजधानी रायपुर में होगा। जहां समाज का विशाल यादव महासम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। 4 सूत्रीय मांगो को लेकर दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी मंदिर से निकली सर्व यादव समाज की जन जागरण यात्रा पामगढ़ आगमन हुआ। जिसमें रमेश यदु प्रदेश अध्यक्ष सर्व समाज छत्तीसगढ़, धनमती यादव कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, जांजगीर चांपा जिला के यात्रा प्रभारी संदीप यादव, सीताराम यादव प्रदेश अध्यक्ष, मनोज यादव कार्य प्रदेश अध्यक्ष, तेरस यादव अध्यक्ष नगर पंचायत पामगढ़, कल्याणी यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत पामगढ़, राजेंद्र यादव उपाध्यक्ष नगर पंचायत शिवरीनारायण, केबी यादव, नीलसिंह यादव संरक्षक, संतोष यादव महासचिव, द्वारिका यादव जिला अध्यक्ष, लखेश्वर यादव, रामेश्वर यादव प्रदेश महामंत्री, जवाहर यादव, राजकुमार यादव, सन्त्री यादव उपस्थित रहे। यात्रा में शामिल समाज के पदाधिकारियों और जन प्रतिनिधीयों ने मौके पर मौजूद लोगों को यात्रा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# सरखों में श्याम कार्तिक महोत्सव मनाने तैयारी शुरू



**सरखों।** श्याम कार्तिक महोत्सव की तैयारी ग्रामीणों ने शुरू कर दी है। यहां गांव में भगवान कार्तिकेय की प्रतिमा स्थापित कर 10 दिनों तक धूमधाम से महोत्सव मनाया जाता है। भगवान कार्तिकय की प्रतिमा गांव की पवित्र मिट्टी से बनाई जाती है, यानी ऐसी मिट्टी जहां किसी के पैर नहीं पड़े हो। उस स्थान से मिट्टी ली जाती है और मूर्ति बनती है। इस बार भी मूर्ति बनाने के लिए मातृ नवमी के दिन पूजा-अर्चना कर पवित्र मिट्टी लाकर गाव के मूर्तिकार बलराम साहू को दी गई। इसी मिट्टी से मिलाकर भगवान की प्रतिमा तैयार की जाएगी। इस मौके पर सरपंच लोचन साव, बल्लू राठौर, अमरीष श्रीवास, संतोष यादव, आचार्य गौतम पाठक, वासु राठौर, राजेंद्र साहु, रामकुमार यादव, नंदकिशोर यादव, पुष्कर साहू, बीरेंद्र राठौर, उत्तर साहू, किशोर साव, इलू राठौर, सुरेश बरेठ, देवी राठौर, शरद साव, बुधराम राठौर, बलराम राठौर, भीषम राठौर, गोपाल राठौर, संजय अग्रवाल, मुकेश साहू, रामकुमार विश्वकर्मा, गोपाल राठौर समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि गांव में श्याम कार्तिक महोत्सव मनाने की परंपरा 1962 से चली आ रही है। सदियों से जमीदार स्व. लाल अमीर सिंह के द्वारा नवरात्रि पर्व में नवरत्ती भगवान शंकर-पार्वती की पूजा कर मनाया जाता रहा है। सर्वप्रथम नैययापारा के महतो गुड़ी चौक में यह आयोजन संपन्न हुआ। इसके बाद अनवरत रूप से चलती आ रही है। इसको लेकर आयोजन समिति की ओर से बैठकों का दौर चालू हो गया है। श्याम कार्तिक महोत्सव की स्थापना की जाएगी। इसके बाद 9 दिनों तक गांव में श्याम कार्तिक महोत्सव की धूम रहेगी। जिसमें दूर- दराज से हजारों की संख्या में लोग सरखों की पावन धरा पर मत्था टेकने के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान प्रतिदिन आयोजन स्थल पर जसगीत, मानस गायन, जगराता भजन-कीर्तन का आयोजन रात में किया जाता है। इसके अलावा अंतिम दिन यहां और भी अधिक भव्य रुप से आयोजन होते हैं। गाव के लगभग सभी मोहल्लों में लीला. सांस्कृतिक कार्यक्रम नाचा-गम्मत होता है।

# शहर के कचरे का निपटारा नहीं, शांति नगर में प्रदूषण की मार

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के खोखरा रोड स्थित शांतिनगर में कचरे का अंबार लगा हुआ है। कचरे का निपटारा लेजर पद्धति से किया जाना था। इसके लिए अंबिकापुर की सर्वे टीम ने मौके का मुआयना करके रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज चुकी है। इसके बावजूद आज तक इस योजना का अता पता नहीं है।

गौरतलब है क जिला मुख्यालय के अंतिम छोर में बसे मोहल्ला शांतिनगर में शहर से निकलने वाले कचरों को डंप कर दिया जा रहा है। खास बात यह है कि इस कचरे का समुचित निपटारा एवं खाद बनाने को लेकर अंबिकापुर भी सर्वे टीम आई थी, लेकिन योजना का अता पता नहीं है। कचरे के साथ साथ मवेशी एवं अन्य जीव कचरो को खाने के बाद आसपास सडक पर ही बिखेर रहे है। जिसके चलते इस मार्ग से होकर खोखरा

अटल कालोनी सहित महाविघालय आने जाने वाले को हो रही है। इन समस्याओ को लेकर जिम्मेदार पालिका प्रशासन के अफसरो को किसी तरह का कोई सरोकार तक नही है। जांजगीर शहर 25 वार्डों में बंटा हुआ है। वही



2011 के सामाजिक आर्थिक सर्वे के अनुसार शहर की आबादी 48 हजार से भी अधिक है। शहर के घरो से निकले कचरे को खोखरा के मंडी चौक में जाकर डंप कर दिया जा रहा है। ऐसे मे आसपास रहने वाले लोगो कचरे की दुर्गंध से दिक्कते हो रही है। इसके अलावा घरो से निकले सूखे एवं गिले कचरो को अलग अलग करके उसे रिसाइकल करके खाद बनाया जाना है। ताकि कचरो का उपयोग खाद के रूप में किया जाए। लेकिन शहर के सहीत खोखरा,धाराशिव, भडेसर, मेहंदा, कुथुर सहीत अन्य गांव जाने आने वालो को काफी परेशानी उठानी पड रही है। सबसे ज्यादा परेशानी तो शहर के शांतीनगर एवम दीनदयाल नगर को हो रहा है। जहां घरो से निकले कचरो का उपयोग नहीं हो पा रहा है। वही कचरा को खोखरा रोड में डंप कर दिया जा रहा है। जिसके चलते लोगो की दिक्कते बढ़ गई है। जिम्मेदार पालिका प्रशासन के अफसर एवं शहर के जन प्रतिनिधियो को लोगो की इस समस्या को लेकर कोई सरोकार तक नहीं है।

यह कचरा पूरे शहर के 25 वार्डो का है परंतु यहां पर संचालित कृषि उपज मंडी कार्यालय,श्रम विभाग का कार्यालय, छात्रावास एवं फेडरेशन का कार्यालय संचालित है इसके बावजूद भी जिम्मेदार लोग इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं इससे लोगों का जीना दुभर हो गया है । यह इस क्षेत्र बीमारी का गढ़ हो गया है शांति नगर के लोग बहुत अधिक परेशान हैं जहा कचरे की दुर्गंध से लगातार बीमार के शिकार हो रहे हैं।

## आप महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष बनी मिथिलेश

**अकलतरा।** ग्राम अमरताल की सरपंच श्रीमती मिथिलेश बघेल को आम आदमी पार्टी के महिला विंग का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश महासचिव वदूद आलम, प्रदेश संगठन महान मंत्री जसवीर सिंह प्रदेश संगठन मंत्री अभिषेक मिश्रा के अनुशंसा पर ग्राम अमरताल की सरपंच श्रीमती मिथिलेश बघेल को आम आदमी पार्टी के महिला विंग का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्रीमती मिथिलेश बघेल ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से उसका निर्वहन करने का प्रयास किया जाएगा। श्रीमती मिथिलेश बघेल के आम आदमी पार्टी महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति होने से आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता समर्थकों एवं ग्राम पंचायत अमरताल के लोगों में हर्ष व्याप्त है।

# डीईओ आफिस में बायो टीचर कर रहे बाबूगीरी

**जांजगीर चांपा।** शिक्षा में नवाचार को लेकर जहां जिले का सरकारी अमला महीनों से आंकड़ेबाजी कर हवा में हाथ पैर मार रहा है, वहीं धरातल पर स्थिति और भी बद से बदतर होने लगी है। मामला जिला मुख्यालय जांजगीर के उत्कृष्ट विद्यालय का है, जहां के बायोलाजी टीचर बगल के डीईओ आफिस में सेवा दे रहे हैं और बच्चों की पढ़ाई मोबाइल एप के भरोसे हो रही है। यही नहीं हिन्दी माध्यम में भी विषय विशेषज्ञ नहीं है।

जिला मुख्यालय जांजगीर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में भी बायोलाजी की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। यहां बायोलाजी टीचर नहीं होने के कारण दूसरे शिक्षक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिनके द्वारा दीक्षा एप के माध्यम से स्क्रीन पर पढ़ाई कराई जाती है। इसी प्रकार हिन्दी माध्यम में अंग्रेजी और रसायन के शिक्षक नहीं है।

जिला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का हाल में यह हाल है तो जिले के अन्य स्कूलों की क्या दशा होगी सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। कलेक्टर को अभिभावकों ने सुनाया है।

जिला मुख्यालय जांजगीर में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से लगे स्वानी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षकों की कमी और प्रायोगिक कक्षा में संसाधनों के अभाव सहित अन्य समस्याओं से आला अधिकारी भी अंजान नहीं है। छात्र छात्राओं और अभिभावकों बे बताया कि पिछले महीने पीटीएम में सयुक्त कलेक्टर पहुंचे थे जिन्हें इन सारी समस्याओं से अवगत कराया गया था, तब उन्होंने अतिशीघ इसका समाधान करने की बात कही थी। इसके महीने बाद भी बाते नही बनी। शनिवार को पीटीएम में कलेक्टर आकाश छिकारा स्वयं पहुंचे थे। इस दौरान भी यह बातें सामने आई थी।

बायोलाजी टीचर के डीईओ आफिस में अटैच होने और हिन्दी माध्यम में अंग्रेजी व रसायन शास्त्र के शिक्षक नहीं होने की शिकायत लोगों द्वारा किया गया इस पर उन्होंने शीघ उचित पहल का आश्वासन दिया है, लेकिन अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। और शिक्षा सत्र का लंबा समय बीतने के बाद भी शिक्षक यहां पदस्थ नहीं किए गए हैं।



## राज्य स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा में तुषार ने किया प्रतिनिधित्व

**जांजगीर-चांपा।** केशरी शिक्षण समिति, खोखरा, जांजगीर के बी एड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षार्थी तुषार चंद्र गोपाल पिता वीरेंद्र गोपाल जांजगीर को राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा में केशरी बी एड कॉलेज का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ। इन्होंने विगत दिवस इंद्रजीत कॉलेज, अकलतरा में आयोजित सेक्टर-स्तरीय कॉलेज टूर्नामेंट में बैडमिंटन सिंगल्स में कड़े और प्रतिस्पर्धात्मक मैचों के बाद सेक्टर स्तर को सफलतापूर्वक पार कर राज्य-स्तरीय कॉलेज टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 23 सितंबर को स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज, भिलाई में आयोजित हुआ जहां जांजगीर-चांपा सेक्टर टीम का गर्व से प्रतिनिधित्व किया। राजनांदगांव के खिलाफ प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबले मे पराजय का सामना करना पड़ा। इनके सफलता पर महाविद्यालय के संचालक डॉ. सुरेश यादव स्नहित संस्था की प्राचार्या डा. रेखा तिवारी एवं प्राध्यापको ने प्रसन्नता व्यक्त किया है तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अब तक 10 हजार सदस्य बनाए रवि पांडेय ने



**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान कार्यक्रम मे 10 हजार से ज्यादा सदस्य बनाकर भाजपा नेता इंजी. रवि पाण्डेय ने प्रदेश स्तर मे अपनी धमाकेदार उपस्थिति दर्ज कराई है। ज्ञात हो कि भाजपा का अभी सदस्यता अभियान चल रहा है जिसमे पूरे देश मे 10 करोड़ सदस्य और छत्तीसगढ़ मे 60 लाख सदस्य बनाने का टारगेट है। प्रत्येक सांसद को 20 हजार और विधायक को 10 हजार का टारगेट दिया गया है। जिले के भाजपा नेता इंजी. रवि पाण्डेय अभी तक 10 हजार सदस्य बना चुके है जबकि सदस्यता अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा। इंजी. पाण्डेय गैर सांसद और गैर विधायक मे छत्तीसगढ़ मे प्रथम व्यक्ति है जिन्होने 10 हजार सदस्य का टारगेट पूरा किया है। इसके लिए उन्हें प्रदेश के अध्यक्ष किरण देव सिंह, संगठन महामंत्री पवन साय और प्रदेश सदस्यता प्रभारी अनुराग सिंह देव ने बधाई प्रेषित किया है। रायपुर मे कल भाजपा के कार्यालय मे हुए प्रेस कांफ्रेस मे प्रदेश सदस्यता अभियान के प्रभारी अनुराग सिंह देव ने कहा कि कांग्रेस से भाजपा मे आये इंजी. पाण्डेय ने सदस्यता का नया रिकार्ड अपने नाम दर्ज किया है। दस हजार सदस्य बनाने के बाद इंजी. रवि पाण्डेय ने कहा कि यह गौरव का क्षण है कि आज प्रखर राष्ट्रवादी, उत्कृष्ठ संगठन कर्ता, एकात्म मानववाद और अन्त्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर मैने दस हजार सदस्य का आंकड़ा पूरा किया है। उन्होने आगे कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी कहा करते थे कि कल का हमारा विरोधी आज हमारा मतदाता होगा, आज हमारा मतदाता कल का हमारा सदस्य होगा और वही परसों हमारा सक्रिय सदस्य होगा। इसी अवधारणा के साथ भारतीय जनता पार्टी का परिवार बढ़ रहा है। कल राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की उपस्थिति मे आयोजित सदस्यता अभियान की रायपुर मे आयोजित बैठक मे इंजी. रवि पाण्डेय शामिल होंगे।

# छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा को लेकर विधायक शेषराज हरबंश ने रखी विधानसभा स्तरीय बैठक



**जांजगीर चांपा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध,खराब कानून व्यवस्था और भाजपा सरकार की तानाशाही रवैया को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कल 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा निकाला जाएगा।उक्त यात्रा गुरु घासीदास बाबा की तपोभूमि गिरौदपुरी धाम से राजधानी रायपुर तक 125 किलोमीटर पदयात्रा किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा को लेकर पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश ने 26 सितंबर,दिन गुरुवार को नगरपंचायत राहौद में विधानसभा स्तरीय बैठक रखा गया। जिसमे छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से अधिक अधिक संख्या में कांग्रेस जन की उपस्तिथि को सुनिश्चित किया गया। विधायक श्रीमती हरवंश ने कहा कि पामगढ़ विधानसभा के लोगो ने कांग्रेस को आशीर्वाद दिया है तो न्याय यात्रा में पामगढ़ विधानसभा सभा के कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओ और पार्टी के सभी संगठन पदाधिकारियों की उपस्थिति दिखना चाहिए,सभी लोगो से आग्रह है कि उक्त यात्रा को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, राजेंद्र गुप्ता,अजय दिव्य, घासीराम चौहान, नीरज खूंटे,कोमल ब्रम्हभट, लक्ष्मण देवांगन,सीताराम यादव, केबी यादव, घनश्याम देवांगन, रामेश्वर यादव, कल्याण बर्मन, अभयराम देवांगन, मंजू टंडन, दीनदयाल साहू, रूपेश कश्यप, सजेन्दर मनहर , धरम पाल बर्मन,मनोज पटेल , दयाशंकर गोंड,दर्शन तुरकाने, तरुण अनंत ,दीपक श्रीवास सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## गोधना को कुपोषण मुक्त बनाने का संकल्प

**गोधना।** नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आदर्श ग्राम गोधना के शिव शांति महिला समूह ने लंकेटर तालाब के पार में पौधारोपण करके गांव को अंत्योदय दिवस के अवसर पर कुपोषण मुक्त बनाने का संकल्प



लिया गया। वहीं पौधारोपण एक पेड़ मां के नाम थीम पर किया गया। सभी सदस्यों ने पौधारोपण के साथ ही अपने वातावरण को साफ सफाई रखने की जिम्मेदारी भी ली गई। वहीं शिव शांति महिला समूह के सदस्यों ने गांव के किशोरी वर्ग ,माता वर्ग एवं वृद्धावस्था के लिए सही पोषण की जानकारी देने का भी संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम के दौरान महेतरीन साहू ,ननकी नोनी श्रीवास, गीतेश्वरी साहू, छठ बाई साहू, पूर्णिमा साहू, रजनी साहू, रामबाई साहू, पूर्णिमा साहू, दीपा कश्यप, प्रियंका यादव, इंद्रकली साहू, सुरभि चौहान, मनीष यादव सहित बच्चे उपस्थित थे।

# सदस्यता अभियान को ऊंचाई देने में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

**अकलतरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर नगर के मिनीमाता मंगल भवन के पास भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पं. उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सदस्यता अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रजनी साहू ने कहा कि देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए अपने पूरे जीवन को न्योछावर करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को हुआ था। पंडित उपाध्याय ने भारतीय जनसंघ की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें भारतीय जन संघ के अध्यक्ष भी बनाए गए।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का सिद्धांत प्रस्तुत किया। इसका मतलब समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक का उत्थान हो और यही उनका मुख्य उद्देश्य था। पार्षद सुरेश मिर्चन्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के साथ 25 सितंबर को सदस्यता महाअभियान चलाया। इसमें बूथ के घरों में जाकर भाजपा का सदस्य बनाया जाएगा।

नगर के बूथ क्रमांक 158 वार्ड नंबर 12 व 13 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर मोर बूथ मोर अभियान के अंतर्गत घर घर जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। साथ ही भाजपा की नीतियों से अवगत भी कराया ।इस अवसर पर मनोज राय, बिहारी दास, सुखसागर दास, रामकुमार टंडन, राजाराम श्रीवास, गब्बर टंडन, मनहरण खाण्डे, प्रदीप राठौर, सावित्री भारते, निर्मला रात्रे, सुनीता रात्रे व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के तहसील संयोजक बने राजेन्द्र

**चांपा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने अपने संगठन को और अधिक सशक्त और सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य च से फेडरेशन के जिला संयोजक विश्वनाथ सिंह ने छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष एवं राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक राजेन्द्र जायसवाल को तहसील शाखा चांपा का संयोजक बनाया है। उल्लेखनीय है श्री जायसवाल शिक्षक संघ एवं कर्मचारियों के हित में अपनी विशिष्ट सेवाओं के लिए जाने जाते हैं उन्हें तहसील में संगठन की गतिविधियों के समन्वय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। इनकी नियुक्ति पर जिला संयोजक व्ही एस परिहार, भुवनेश्वर देवांगन प्रांतीय मंत्री छत्तीसगढ़ शिक्षक, जिला महासचिव अर्जुनसिंह क्षत्रीय, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जांजगीर-चांपा के जिलाध्यक्ष धन्य कुमार पाण्डेय, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रविन्द्र राठौर, राजीव नयन शुक्ला, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी डॉ. रविन्द्र द्विवेदी ने हर्ष व्यक्त किया है।

**अनमोल वचन......**

**दुःख को स्वीकार करना दुःख से उबरने का पहला महत्वपूर्ण कदम है।**

# हवाई अड्डों पर चेक इन

डिजीयात्रा ऐप का इस्तेमाल बढ़ रहा है और साथ ही फेशियल रिकग्निशन और अन्य डाटा के दुरुपयोग की चिंता भी बढ़ती जा रही है। देश के करीब दो दर्जन हवाईअड्डों पर डिजीयात्रा ऐप का इस्तेमाल शुरू हो गया है। इसकी मदद से यात्री बिना कोई दस्तावेज दिखाए आसानी से हवाईअड्डों पर चेक इन करते हैं। अब तक 55 लाख लोगों ने यह ऐप डाउनलोड किया और तीन करोड़ लोगों ने यात्रा के लिए इसका इस्तेमाल किया है। इसके इस्तेमाल को लेकर पहले भी यात्रियों की निजता से जुड़ी चिंता जताई गई थी लेकिन अब पता चला है कि सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने खुद ही इस पर सवाल उठाए हैं। सूचना के अधिकार कानून के तहत मांगी गई जानकारी के आधार पर एक खबर आई है, जिसमें कहा गया है कि सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि निजी कंपनियों द्वारा फेशियल रिकग्निशन तकनीक का दुरुपयोग हो सकता है और इससे लोगों को सुरक्षा देने के लिए अतिरिक्त उपाय करने की जरुरत है। हालांकि नागरिक विमानन मंत्रालय का कहना है कि डिजीयात्रा ऐप को यात्रियों के चेक इन के लिए डी फैक्टो गेटवे बना दिया जाए। यानी एक मंत्रालय इसके इस्तेमाल से सुरक्षा को खतरा बता रहा है तो दूसरा मंत्रालय इसे हर हवाईअड्डे पर हर यात्री के लिए अनिवार्य करने की बात कर रहा है।

सवाल है कि जब इस ऐप को वैकल्पिक बनाया गया है और इसे लॉन्च करते समय कहा गया कि यह यात्रियों की मर्जी पर है कि वे इसे चुनते हैं या नहीं तो फिर ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को इसके इस्तेमाल के लिए क्यों बाध्य किया जा रहा है। इसे अनिवार्य बनाने से पहले सरकार को इस बारे में पूरी जानकारी नागरिकों को देनी चाहिए। यह बताना चाहिए कि डिजीयात्रा ऐप एक निजी कंपनी डिजीयात्रा फाउंडेशन का है, जिसमें छह हिस्सेदार हैं। पांच हिस्सेदार दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरू और कोच्चि हवाईअड्डे हैं, जो निजी हाथों में हैं। इन पाचों के पास 73 फीसदी हिस्सेदारी है, जो बराबर बराबर बंटी है। भारत सरकार के एयरपोर्ट ऑथोरिटी के पास 27 फीसदी हिस्सेदारी है। इस तरह से यह लगभग पूरी तरह से निजी उद्यम है, जिसके हाथ में लाखों, करोड़ों नागरिकों का बायोमैट्रिक डाटा जा रहा है। इसका इस्तेमाल करने वाले ज्यादातर यात्रियों को पता नहीं होता है कि उनका फेशियल रिकग्निशन हो रहा है। दूसरे, इसमें कहा गया है कि यात्रियों का डाटा स्टोर नहीं किया जाता है। लेकिन साथ ही प्राइवेसी की शर्तों में यह भी कहा गया है कि जरुरत पडने़ पर यात्रियों का डाटा सरकारी एजेंसियों के साथ साझा किया जा सकता है। सोचें, अगर डाटा स्टोर नहीं किया जाता है तो फिर साझा करने की बात कैसे कही जा रही है। ध्यान रहे दुनिया के किसी भी देश में हवाईअड्डे जैसी संवेदनशील जगह पर यात्रियों का बायोमैट्रिक डाटा इकट्ठा करने का अधिकार किसी निजी कंपनी को नहीं दिया गया है। तभी सरकार को जल्दी से जल्दी इससे जुड़ी सुरक्षा चिंताओं को दूर करना चाहिए और तब तक इसके इस्तेमाल को अनिवार्य करने के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आज बिजनेस में उत्साह के साथ आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन कर पाएंगे, आप से प्रतिस्पर्धा करने वाले एवं ईर्ष्या करने वालों के दाँत खट्टे होंगे। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है।

**वृष राशिः** आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। परिवार में सुख समृद्धि का वातावरण रहेगा। आज पराक्रम और धैर्य की वृद्धि होगी। फैमिली का माहौल अगर खराब है तो अपनी समझदारी से और हंसमुख स्वभाव से परिवार का माहौल शांत रखने की कोशिश करेंगे। किसी सोंचे हुए काम की शुरुआत आज करेंगे। बेटे को सफलता मिलने से खुशी का माहौल बनेगा। आपका दांपत्य जीवन सौहार्द्र से भरा रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। दैनिक जीवन की गतिविधियां अच्छी चलेंगी। आपका मन आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे। इस राशि के नवविवाहितों के लिए आज का दिन काफी अच्छा है।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपका काम मन-मुताबिक होगा। मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। बात करे सेहत की तो आपको सेहत को लेकर अलर्ट रहना होगा। किसी भी काम को करने में मन अधिक लगेगा। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। आज आपको आय के कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। आज दांपत्य जीवन के अनबन को दूर करने की कोशिश करेंगे, आपका एक छोटा-सा प्रयास घरेलू जीवन अच्छा हो सकता है इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। अधिकारियों से खास मामलों पर बातचीत होगी।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। आज आपको ऑफिस के रुके कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक फोकस करना चाहिए, जितना जल्दी हो सके काम को पूरा करने पर ध्यान दें। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आप जितनी मेहनत करेंगे। आपको उतने ही बढ़िया नतीजे भी मिलेंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। वर्कप्लेस पर आपको किसी कार्य के लिए सहकर्मियों और सीनियर्स की मदद मिलेगी जिससे आपके कार्य पूर्णता की ओर बढ़ेंगे। पार्टनरशिप में बिजनेस करने वाले बिजनेसमैन को व्यापारिक मामलों को लेकर साझेदार से मीटिंग करेंगे। कपड़ा व्यापारियों को अधिक लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। वैवाहिक जीवन में सुख सौहार्द की बढ़ोत्तरी होगी। परिवार में सम्पन्नता रहेगी।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन शुभ है। व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। प्रशासनिक पद पर आसीन लोगों को पदोन्नति मिलने से खुशी होगी। नया वाहन लेने का विचार परिवार जनों से करेंगे। सरकारी करमचारियों को पदोन्नति हासिल होगी। पारिवारिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी। संतान से सुख मिलेगा। समाज में लोगों से अच्छा तालमेल बनेगा। अधूरे व साहसिक कार्य के पूरा होने के योग बन रहे हैं। अधिक भरोसा करके किसी से अपनी बातें शेयर न करें।

**धनु राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। सोचने की क्षमता में तेजी आयेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे। लवमेट अपने रिश्ते की बात घरवालों से करेंगे। आज ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक आयोजन की सूचना मिल सकती है, जिसमें आप शामिल होंगे, कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। छात्रों को लापरवाही करने से बचना चाहिए, मेहनत जारी रखें। आज अधिक खर्च करने से बचें, आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के हाई एजुकेशन पाने की ख्वाहिश रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है। बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा। रोजमर्रा के कामों में व्यस्तता बनी रहेगी। कारोबार में रूका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। कोर्ट-कचहरी का फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आज घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है । आज अचानक होने वाली कुछ गतिविधियों पर नजर रखें । आप जो भी काम करने की सोचेंगे, उसे लेकर पॉज़िटिव नज़रिया रखने से सब काम अच्छे से होंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपनी परेशानियों का समाधान ढूंढ लेंगे। किसी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इस राशि के जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं। घर में खुशी का माहौल बनेगा।

# राजनीतिक रोटियां सेंकने की कोशिश कर रहे राहुल

//बलबीर पुंज//

**यह कहना मुश्किल है कि राहुल की हालिया गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों से उनके राजनीतिक उद्देश्य कितनी पूर्ति होगी, परंतु दो बातें स्पष्ट है। पहला— उनके बयान का इस्तेमाल देशविरोधी शक्तियां, भारत की वैश्विक छवि को धूमिल करने के लिए करेंगी। दूसरा— इससे विदेश तक सीमित खालिस्तान आंदोलन को भी बल मिलेगा, जिसका देश के भीतर बहुत कम आधार है। बीते दिनों नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) और कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी, अमेरिका में अपने विवादित वक्तव्यों के कारण चर्चा में रहे। इसमें उनका सबसे अधिक खतरनाक बयान सिखों को लेकर रहा। 10 सितंबर को वाशिंगटन में भारतीय प्रवासियों के समूह से मुखातिब होते हुए राहुल कहा, लड़ाई इस बात की है कि एक सिख होने के नाते क्या उन्हें भारत में पगड़ी।।। कड़ा पहनने की अनुमति मिलेगी? सिख होने के नाते वे भारत में गुरुद्वारा जा सकते है? यह लड़ाई सिर्फ इनके लिए ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लिए है। यह कोई पहली बार नहीं है। इससे पहले मार्च 2023 में अपनी यूनाइटेड किंगडम यात्रा के दौरान भी राहुल ने इसी प्रकार की बातें कही थी। राहुल की इन टिप्पणियों का वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए बेबुनियाद बयान दिया है। उनका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर भारत का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को खराब करना और देशविरोधी शक्तियों से अपने लिए समर्थन जुटाना है।**

क्या स्वतंत्र भारत में सिखों को किसी प्रकार का मजहबी भेदभाव झेलना पड़ता है। देश की कुल आबादी में सिख लगभग दो प्रतिशत हैं और उन्हें देश के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में कई प्रमुख स्थान प्राप्त हैं। डॉ। मनमोहन सिंह के रूप में दो बार लगातार सिख प्रधानमंत्री (2004-2014) रहे हैं। वर्ष 1982-87 तक (दिवंगत) ज्ञानी जैल सिंह भी देश के राष्ट्रपति रहे। असंख्य सिखों ने देश की विभिन्न अदालतों के साथ चुनाव आयोग रूप संवैधानिक पद और सेना, व्यापार, प्रशासनिक और खेल आदि विभिन्न क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं और ऐसा आज भी है। देश को उनपर गर्व करता है। पंजाब से कहीं गुना अधिक गुरुद्वारे शेष भारत में है, जिनके प्रति हिंदुओं की भी स्वाभाविक श्रद्धा है।

दरअसल, राहुल गांधी देश में सिख उत्पीडऩ के जिस दौर की बात कर रहे हैं, जिसमें सिखों का पगड़ी पहनना, लंबे केश रखना और उनका कड़ा तक धारण करना तक मुहाल हो गया था– वह असल में नवंबर 1984 का समय था। उसी वर्ष 31 अक्टूबर को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की उनके दो सिख अंगरक्षकों द्वारा निर्मम हत्या करने के बाद प्रतिक्रियास्वरूप दिल्ली-एनसीआर और देश के कुछ क्षेत्रों में हजारों निरपराध सिखों को मौत के घाट (जीवित जलाने सहित) उतारा गया था। बकौल वरिष्ठ अधिवक्ता और लेखक हरविंदर सिंह फुल्का, तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह और उनके प्रेस सचिव तरलोचन सिंह उन पहले प्रताड़ित सिखों में शामिल थे, जिनपर उग्र भीड़ ने जानलेवा हमला किया था।

वर्ष 1984 का सिख नरसंहार पूरी तरह प्रायोजित था, जिसे प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर जायज ठहराते हुए राजीव गांधी ने कहा था, ज्जब भी कोई बड़ा पेड़ गिरता है, तो धरती थोड़ी हिलती है। उस समय के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रचार-प्रसार सिख समुदाय के दानवीकरण पर ही आधारित था। स्वयं राहुल गांधी ने जनवरी 2014 को एक टीवी साक्षात्कार में 1984 के सिख नरसंहार में कुछ कांग्रेसी लोगों के शामिल होने की बात स्वीकारी थी। वही राहुल विदेश में जाकर विषवमन कर रहे हैं।

यह कहना मुश्किल है कि राहुल की हालिया गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों से उनके राजनीतिक उद्देश्य कितनी पूर्ति होगी, परंतु दो बातें स्पष्ट है। पहला– उनके बयान का इस्तेमाल देशविरोधी शक्तियां, भारत की वैश्विक छवि को धूमिल करने के लिए करेंगी। दूसरा– इससे विदेश तक सीमित खालिस्तान आंदोलन को भी बल मिलेगा, जिसका देश के भीतर बहुत कम आधार है। जैसे ही राहुल का वक्तव्य सामने आया, वैसे ही अमेरिका-कनाडा स्थित खालिस्तानी चरमपंथी और भारत द्वारा घोषित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने इसका समर्थन करते हुए अपनी मांगों को जायज ठहरा दिया।

यह अकाट्य सत्य है कि भारतीय उपमहाद्वीप में हिंदू और सिख एक सिक्के के दो पहलु है। सिख गुरु परंपरा में प्रेम, भाईचारा, सेवा, न्याय, करुणा और मानवता का संदेश निहित है। जब मध्यकालीन भारत में विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा धर्म पर संकट आया और उसपर अत्याचार हुआ, तब सिख गुरु परंपरा में शस्त्र भी उठाया गया। गुरु साहिब हरगोबिंद सिंहजी, गुरु तेग बहादुरजी, गुरु गोबिंद सिंहजी के साथ वीर बंदा सिंह बहादुर, महाराजा रणजीत सिंह, हरि सिंह नलवा आदि– इसके प्रमुख उदाहरण है। जिनकी रक्षा करते हुए गुरु तेग बहादुर साहिब ने सर्वोत्तम बलिदान दिया, वह पंजाब के नहीं, कश्मीर से थे, हिंदू थे।

इस घटना का वर्णन बचित्तर नाटक' में श्री गुरु गोबिंद सिंहजी ने इस प्रकार किया था– तिलक जंजू राखा प्रभ ताका।।। सीसु दीआ परु सी न उचरी॥ धरम हेत साका जिनि कीआ॥ सीसु दीआ परु सिररु न दीआ॥÷ (अर्थात– हिंदुओं के तिलक और जनेऊ की रक्षा हेतु गुरु तेग बहादुरजी ने अपने शीश का परित्याग कर दिया, किंतु धर्म का त्याग नहीं किया।)

भारत में हिंदुओं और सिखों के बीच सदियों से नाखून-मांस का रिश्ता रहा है। जब अंग्रेज भारत आए और उन्होंने अपने राज को शाश्वत बनाए रखने के लिए भारतीय समाज में कमजोर कडिय़ां ढूंढते हुए %बांटो और राज करो' की विभाजनकारी नीति अपनाई, तब उन्होंने षड्यंत्र रचते हुए हिंदू-सिख बंधुत्व में भी दरार डालने का भरसक किया था। जब ब्रितानियों ने सर सैयद अहमद खां को सामने रखकर कालांतर में मुस्लिम समाज के एक बड़े वर्ग को वामपंथियों के सहयोग से मजहब के नाम पर देश का बंटवारा करने के लिए प्रेरित किया, तब मैक्स ऑर्थर मैकॉलीफ की कुटिल योजनाओं को पानी फेरते हुए सिख समाज भारत के प्रति समर्पित रहा। परंतु पंजाब में संकीर्ण राजनीतिक हितों को साधने के लिए इंदिरा गांधी और संजय गांधी आदि ने वर्ष 1978 से उसी जहरीले मैकॉलीफ चिंतन को हवा दे दी, जिसने बाद में इंदिरा को ही लील लिया।दुर्भाग्य से राहुल अपनी दादी इंदिरा गांधी, पिता राजीव गांधी और चाचा संजय गांधी के नक्शेकदम पर चलकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने की कोशिश कर रहे है। सत्ता की भूख में अंधे होकर इन्होंने ने जो आग लगाई थी, उसने पंजाब सहित शेष देश के कुछ भागों को झुलसा दिया था। पंजाबियों को चाहिए कि वे अंग्रेजों और उसके बाद स्वतंत्र भारत के स्वार्थी राजनीतिज्ञों के बनाए नैरेटिव से गुमराह नहीं हो और सत्कारयोग सिख गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चले। इसी में भारत, पंजाब और मानवता का कल्याण निहित है।

# पर्यटन की अनंत संभावनाओं का प्रदेश है मध्यप्रदेश

//धर्मेन्द्र सिंह लोधी//

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पर्यटन और सांस्कृतिक अभ्युदय का नया इतिहास लिखा जा रहा है। पौराणिक काल से ही देश में सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सनातन परम्परा के गौरव को संरक्षित करने और सहेजने की परम्परा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के सांस्कृतिक अभ्युदय के संकल्प को पूरा करने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश शासन मजबूती से कदम बढ़ा रहा है। भारत में पर्यटन को एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र के रूप में देखा गया है। उनका मानना है कि पर्यटन न केवल आर्थिक लाभ प्रदान करता है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने का एक सशक्त साधन है। प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण से पर्यटन को नई ऊंचाइयां मिली है।**

भारत के इतिहास में विभिन्न देशों की खोज, वास्तुकला, तकनीक, साहित्य और कृषि आदि क्षेत्रों में वैचारिक आदान-प्रदान का केंद्र बिंदु पर्यटन भी रहा है। पर्यटन ने वैश्विक शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई निभाई है। पर्यटन लोगों को विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं से रूबरू कराता है, जिससे सहिष्णुता और समझदारी बढ़ती है। जब लोग एक-दूसरे के जीवन और रीति-रिवाजों को समझते हैं, तो उनके बीच संघर्ष की संभावना कम हो जाती है। पर्यटन के माध्यम से लोग एक-दूसरे के करीब आते हैं और सांस्कृतिक आदान-प्रदान होता है, जिससे वैश्विक समुदाय का निर्माण होता है, जो अंततः वैश्विक शांति को बढ़ावा देता है।हर साल 27 सितंबर को मनाये जाने वाले विश्व पर्यटन दिवस,मनाया जाता है, का उद्देश्य पर्यटन के महत्व और उसकी सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक भूमिका को पहचानना है। वर्ष 2024 की थीम पर्यटन और शांति एक अत्यंत महत्वपूर्ण विचारधारा को दर्शाती है, जिसमें पर्यटन को शांति और सद्भाव का एक माध्यम माना गया है। पर्यटन वैश्विक स्तर पर शांतिपूर्ण संवाद के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है। जब लोग विभिन्न देशों और संस्कृतियों के लोगों के साथ संपर्क में आते हैं, तो यह समावेशिता और सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करता है। इसके साथ ही, जब पर्यटन एक क्षेत्र में बढ़ता है, तो स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं और उनका जीवन स्तर सुधरता है, जिससे संघर्ष और असमानता कम होती है। यह संपूर्ण प्रक्रिया अंततः शांति और समृद्धि को बढ़ावा देती है।

अतुल्य भारत का हृदय मध्यप्रदेश एक बहुविध गंतव्य होने के साथ-साथ नैसर्गिक समृद्ध वन्य जीवन, प्राचीन समृद्ध विरासत, विविध जीवंत संस्कृति का प्रदेश है। लगभग 112.1 मिलियन पर्यटक आगमन के साथ वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश ने एक नया पर्यटन रिकॉर्ड स्थापित किया है जो वर्ष 2022 में 34.1 मिलियन आगंतुकों की संख्या से तीन गुना है। भारत में सबसे ज़्यादा 785 बाघों के साथ मध्यप्रदेश देश का चीता, घड़ियाल, तेंदुआ और गिद्ध की अधिक संख्या वाला प्रदेश भी है। मध्यप्रदेश 12 राष्ट्रीय उद्यानों का घर है जो प्राकृतिक लुभावने परिदृश्य और विविध वन्यजीव के लिए जाने जाते है। इसके अलावा मध्यप्रदेश में 50 से अधिक अभ्यारण्य और प्राकृतिक दृष्टि से रमणीय स्थल विद्यमान हैं।

मध्यप्रदेश पुरातत्व और भूगर्भीय चमत्कारों का राज्य है। इतिहास और संस्कृति से भरे खजाने में 14 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हैं। मध्यप्रदेश में बौद्ध तीर्थ स्थल सांची स्तूप, स्थापत्य कला का अद्वितीय नमूना खजुराहो मंदिर और प्रागैतिहासिक गुफा चित्रों का खजाना भीमबेटका रॉक शेल्टर यूनेस्को की स्थायी सूची में शामिल हैं। यूनेस्को की अस्थाई सूची में ग्वालियर किला, धमनार रॉक-कट गुफाएं, भोजेश्वर महादेव मंदिर, चंबल घाटी रॉक कला, खूनी भंडारा-बुरहानपुर, रामनगर और मंडला गोंड स्थल, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, भेड़ाघाट - लम्हेटा घाट, ओरछा, मांडू और भारत का कपड़ा समूह - चंदेरी शामिल हैं।

अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने के लिए गांधी सागर महोत्सव, जल महोत्सव, चंदेरी महोत्सव और कुनो वन महोत्सव शुरू किए गए हैं। जिसमें ऑल सीजन टेंट सिटी स्थापित किए गए हैं। यहां पर्यटक स्काईडाइविंग, हॉट एयर बैलूनिंग, पैरामोटरिंग, रिवर राफ्टिंग से लेकर ज़मीन, पानी और हवा पर आधारित साहसिक गतिविधियों का अनुभव कर सकते है।

विश्व प्रसिद्ध चंदेरी साड़ी के जन्मस्थल प्राणपुर को भारत के पहले हथकरघा शिल्प गांव में बदला जा रहा है। यह ऐतिहासिक शहर अपनी सदियों पुरानी हथकरघा बुनाई परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। प्रदेश में पर्यटकों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा अंतर राज्यीय वायु सेवा शुरू की गई है।

मध्यप्रदेश में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मध्य प्रदेश में गहन आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन के प्रामाणिक अनुभव विकसित किए गए है। दो दिव्य ज्योतिर्लिंगों - ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर, चित्रकूट, राम वन गमन पथ, विभिन्न आध्यात्मिक लोक, ओरछा राम राजा मंदिर, भगवान राम और श्री कृष्ण से जुड़े स्थल जिसमें उज्जैन में संदीपनी आश्रम, जानापाव पहाड़ी आध्यात्मिकता का अद्वितीय आनंद से परिपूर्ण है।

मध्यप्रदेश में पर्यटन स्थानीय समुदायों के विकास और उत्थान की प्रमुख धूरी बन रहा है। रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म की दिशा में बढ़ते हुए ग्रामीण पर्यटन स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाते हुए स्थानीय समृद्ध विरासत और संस्कृति को संरक्षित भी कर रहा है। ग्रामीण पर्यटन मिशन के तहत 100 से अधिक गांवों में 1000 होमस्टे का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में 16 गांवों में फैले 41 ग्रामीण होमस्टे सहित 305 से अधिक होमस्टे आतिथ्य की गर्मजोशी, आरामदायक आवास, स्थानीय व्यंजनों के स्वाद के साथ क्षेत्र के जीवंत लोक नृत्य और संगीत को पर्यटकों से रूबरू करा रहे है। एक कदम आगे बढ़ महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना अंतर्गत सोलो महिला यात्रियों की सुरक्षा और सुगमता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

मध्यप्रदेश विविध संस्कृतियों, परंपराओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों का एक जीवंत चित्रपट है। अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह, तानसेन संगीत समारोह, भगोरिया उत्सव और लोकरंग जैसे आकर्षक कार्यक्रम और त्योहार मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश करते हैं, तथा दुनिया भर से आने वाले पर्यटकों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हैं। ताल दरबार, कथक कुंभ और उज्जैन डमरू वादन जैसे आयोजनों में गिनीस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होकर प्रदेश की संस्कृति को विश्व के सामने लाने में अहम भूमिका अदा की है।

मध्यप्रदेश खुद को भारत में एक अग्रणी फिल्म निर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है। राज्य की फिल्म-अनुकूल नीति, सिंगल-विंडो क्लीयरेंस और आकर्षक प्रोत्साहन ने इसे प्रोडक्शन हाउस के लिए पसंदीदा विकल्प बना दिया है। हाल ही में मध्यप्रदेश के चंदेरी में शूट की गई फिल्म स्त्री-2 घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ की कमाई करने वाली पहली हिंदी फिल्म बन गई है। एक कदम आगे जाते हुए भारत की तरफ से ऑस्कर में भेजी जाने वाली फिल्म लापता लेडीज भी मध्यप्रदेश में ही शूट हुई है। यह प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

पर्यटन और शांति का संदेश सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक सद्भावना की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत में पर्यटन का विकास तेज़ी से हो रहा है, जिसमें स्वदेश दर्शन और प्रसाद जैसी योजनाओं ने विशेष योगदान दिया है। वहीं, मध्यप्रदेश सरकार भी अपने राज्य में पर्यटन स्थलों के विकास और आधारभूत ढांचे के उन्नयन पर विशेष ध्यान दे रही है।

हमारा मध्यप्रदेश पर्यटन की दृष्टि से अनंत संभावनाओं से भरपूर प्रदेश है। आने वाले समय में मध्यप्रदेश में पर्यटन न केवल आर्थिक वृद्धि का स्रोत बनेगा, बल्कि विश्व भर में शांति और सद्भावना का संदेश भी फैलाएगा। मध्यप्रदेश की प्राकृतिक एवं सामाजिक विविधता और उसकी सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देकर, हम न केवल अपनी पहचान को सशक्त करेंगे, बल्कि शांति और सद्भाव का एक आदर्श उदाहरण भी प्रस्तुत करेंगे।

## तस्वीरों की दुनिया



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा का रायपुर आगमन पर स्वागत किया।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली में 83वें सीएसआईआर स्थापना दिवस समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता की.



लखनऊ के गौतम बुद्ध मार्ग पर तीन मंजिला इमारत में लगी आग से उठता धुआं और लपटें।



कांग्रेस सांसद शैलजा कुमारी ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी का करनाल पहुंचने पर स्वागत किया



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित किया।



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना सातवीं विधानसभा के पांचवें सत्र के दूसरे भाग की बैठक के लिए नई दिल्ली स्थित विधानसभा पहुंचीं।

# राहुल गांधी ने विदेश में जाकर आरक्षण को खत्म करने की बात कही, जो बहुत ही घातक है : विज

**अंबाला, 27 सितम्बर [एजेंसी]।**

हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने आज कांग्रेस पार्टी को चेताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अपने सिर और धड़ की बाजी लगा देगा लेकिन कांग्रेस को उनके मंसूबे में कभी भी कामयाब होने नहीं दिया जाएगा तथा सारा हिंदुस्तान डटके खड़ा होगा और कांग्रेस को संविधान के साथ छेड़छाड़ नहीं करने देगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि इतिहास रहा है कि जिस पार्टी की सरकार केंद्र में होती है, हरियाणा में भी उसी पार्टी की सरकार बनती है इसलिए मुख्यमंत्री तो भारतीय जनता पार्टी का ही बनेगा और सरकार भी भारतीय जनता पार्टी की बनेगी।

गत दिवस गोहाना में हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की रैली और प्रधानमंत्री एक चार्जर का काम करते हैं। जिस प्रकार से सूर्य एनर्जी का स्रोत है, उसी प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहे देश से बोले या विदेश से बोले, वह भारतवासियों को चार्ज कर देते हैं। अगर वे हरियाणा में बोलते हैं तो हर हरियाणवी उनसे प्रेरित होता है। हरियाणा में राहुल गांधी की होने वाली रैलियों के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि राहुल गांधी जी सदके आओ ना, क्योंकि राहुल गांधी हमारे लिए (बीजेपी) बहुत शुभ है। जब-जब और जहां-जहां तथा जिस जिस प्रदेश में राहुल गांधी जी गए हैं, वहां वहां पर कांग्रेस हारी है और भारतीय जनता पार्टी जीती है। चाहे तो इतिहास उठा कर देख लो। राहुल गांधी द्वारा इजराइल के माध्यम से अदानी द्वारा तैयार किए जा रहे हथियारों के संबंध में दिए गए बयान में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सारा देश जानता है कि राहुल गांधी के दिमाग में हिंदुस्तान के लिए कितनी नफरत भरी हुई है। यह हर उस चीज के लिए प्रश्न उठाते हैं जो भारत के लिए शान की होती है और विदेशों में जाकर के भी वही बातें करते हैं जिससे देश का नाम खराब होता है। इसी तरह, इन्होंने (राहुल गांधी) अभी विदेश में जाकर आरक्षण को खत्म करने की बात कही, जो बहुत ही घातक है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मन की बात बाहर आ गई, चाहे विदेश में ही, लेकिन कोई माई का लाल आरक्षण को खत्म नहीं कर सकता। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा हरियाणा में सरकार बनने को लेकर दिए गए बयान में कहा कि अगर उनकी सरकार बनती है तो हरियाणा में नशाबंदी करेंगे, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा कि खड़गे जी की कांग्रेस पार्टी दोमुंह सांप है। यह बनने से पहले कुछ कहते हैं और बनने के बाद कुछ ओर करते हैं। यहां पर तो यह नशाबंदी करेंगे लेकिन खड़गे जी की और राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी का मुख्यमंत्री हिमाचल में कहता है कि हम नशा उगाएंगे। इस प्रकार से दोहरा चेहरा कांग्रेस का सामने दिखाई देता है।संविधान में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पिता के हस्ताक्षर को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि तभी तो राहुल गांधी जी संविधान को बदलकर आरक्षण को खत्म करने की बात कर रहे हैं। उन्होंने भूपेंद्र से हुड्डा से सवाल करते हुए कहा कि अगर तुम्हारे पिताजी ने साइन कर दिए तो इसका मतलब तुम संविधान के साथ जैसे मर्जी खिलवाड़ करते रहो। सन 1975 में इमरजेंसी लगा दो और डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों को जेल में डाल दो क्योंकि उसके ऊपर हुड्डा जी के पिताजी के साइन हैं। सारे प्रजातांत्रिक अधिकतर लोगों के छीन लोगे और लोगों के ऊपर झूठे मामले दर्ज करोगे क्योंकि तुम्हारे पिताजी के संविधान के ऊपर हस्ताक्षर हैं,आरक्षण को खत्म करोगे क्योंकि तुम्हारे पिताजी के हस्ताक्षर हैं संविधान के ऊपर। लेकिन सारा हिंदुस्तान डट के खड़ा होगा और तुम्हें संविधान के साथ छेड़छाड़ नहीं करने देगा।

मायावती द्वारा दिए गए बयान कि पहली बार हरियाणा में दलित मुख्यमंत्री बनने जा रहा है, के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तो भारतीय जनता पार्टी का बनेगा और सरकार भी भारतीय जनता पार्टी की बनेगी और एक इतिहास भी रहा है कि हरियाणा में उस पार्टी की सरकार बनती है जिसकी केंद्र में सरकार है, चाहे तो सारा इतिहास उठा कर देख लो और दोनों जगह एक ही पार्टी के राज रहे हैं।

## हिजबुल्लाह को मिटा दूंगा, नेतन्याहू ने यूएन की अपील को भी किया अनसुना; बताया- क्या है इजरायल का अगला प्लान



**वाशिंगटन, 27 सितम्बर [एजेंसी]।**

इजरायल की सेना लेबनान में कूच करने की तैयारी कर रही है। हिजबुल्लाह को तबाह करने का लक्ष्य लेकर इजरायली सेना लेबनान पर एयर स्ट्राइक कर रही है। वहीं, यूएस समेत पूरी दुनिया इजरायल से सीजफायर का अनुरोध कर रही है। हालांकि, इजरायल ने संकल्प लिया है कि जब तक वो हमास और हिजबुल्लाह को मिटा नहीं देगा, तब तक युद्ध नहीं थमेगा। अमेरिका ने इजरायल से 21 दिनों तक युद्ध विराम की अपील की, जिसे पीएम नेतनयाहू ने ठुकरा दिया। इजरायल ने साफ लफ्जों में कहा दिया कि हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायल की सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी।वार्षिक संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि जब तक इजरायल के सभी उद्देश्य पूरे नहीं हो जाते, तब तक हवाई हमले जारी रहेंगे। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, इजराइल की नीति स्पष्ट है। हम पूरी ताकत से हिजबुल्लाह पर हमला जारी रख रहे हैं। हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक हम अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर लेते, जिनमें से सबसे प्रमुख लक्ष्य उत्तर के निवासियों की सुरक्षित उनके घरों में वापसी है। पीएम नेतन्याहू से पहले इजरायल के विदेश मंत्री काट्ज़ ने पहले एक्स पर पोस्ट किया था, कोई युद्ध विराम नहीं होगा, जबकि रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा कि सशस्त्र बलों का उद्देश्य हिजबुल्लाह को असंतुलित करना और उनकी क्षति को बढ़ाना है। वहीं, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार देर रात कहा कि पिछले 24 घंटों में इजरायली हमलों में देश में 92 लोग मारे गए और 153 घायल हुए।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व के अग्रणी देशों में शुमार हरियाणा में लगेगी भाजपा की हैट्रिक : मुख्यमंत्री भजनलाल

**हरियाणा, 27 सितम्बर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी दुनिया में देश को शर्मसार करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। और तो और वे उन लोगों के साथ खड़े होते हैं, जो देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। राहुल गांधी यह बताएं कि उनका देश विरोधियों से क्या रिश्ता। कांग्रेस का असली चरित्र यही है। इनका राष्ट्रहित से कोई सरोकार नहीं है।शर्मा हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के तहत गुरूवार को 'समालखा' विधानसभा प्रत्याशी मनमोहन भडाना के समर्थन में समालखा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जमीन वह तपोभूमि है, जिसने सनातन धर्म और संस्कृति को लगातार मजबूत करने का काम किया है। पड़ोसी राज्य होने के कारण राजस्थान और हरियाणा में बहुत गहरा रिश्ता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार 100 करोड़ रुपये की लागत से खाटू श्याम में कॉरिडोर विकसित करेगी, जिससे दर्शनार्थियों के लिए सुविधाएं विकसित होंगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि वे हाल ही में जापान और दक्षिणी कोरिया के दौरे पर गए थे। तब उन्होंने लोगों में पीएम मोदी के प्रति अथाह प्रेम तथा सम्मान का भाव देखा। पीएम मोदी विश्व के सबसे पावरफुल नेता हैं।

मोदी जी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के तौर पर देखना चाहते हैं और हम सभी के सहयोग से इस सपने को साकार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने किसान सम्मान निधि से किसानों को आर्थिक संबल तथा वन रैंक-वन पेंशन देकर सैनिकों को सम्मान दिया है। उनके अभूतपूर्व नेतृत्व में देश में गरीब कल्याण, विकास योजनाएं, सीमा सुरक्षा तथा विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है।शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा में पिछले 10 वर्षों में पारदर्शी तरीके से परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। सैनी किसानों व मजदूरों के दर्द को समझते हैं। हरियाणा में जब एमएसपी पर बाजरा खरीदा जा रहा था, तब राजस्थान के किसान राज्य में भी एमएसपी खरीद के लिए आंदोलन कर रहे थे। यही कारण रहा कि राजस्थान में किसानों को बाजरे का 1200 रुपये मिले और हरियाणा में 2200 रुपये। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों का उत्साह यह बता रहा है कि जनता ने हरियाणा में भाजपा को जिताकर हैट्रिक लगाने का फैसला कर लिया है। शर्मा ने कहा कि देश में कांग्रेस से बड़ी झूठी, भ्रष्ट और बेईमान कोई पार्टी नहीं है। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। कांग्रेस की शुरू से ही यह आदत रही है, कि चुनाव जीतने के लिए वे लोगों से तरह-तरह के झूठे वादे करते हैं तथा देश में अराजकता का माहौल पैदा करते हैं। लेकिन उनका किसान, मजदूर, महिला, युवा किसी के भी हितों से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में हुए 1984 के दंगों में सिक्खों के साथ क्या हुआ, ये पूरा देश जानता है। देश ने कांग्रेस द्वारा लगाई गई आपातकाल की स्थितियां भी झेली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार संकल्प पत्र में किए गए 50 प्रतिशत वादे 9 माह में पूरे कर चुकी है। गत सरकार के समय हुए पेपरलीक मामलों से युवाओं के सपनों पर कुठाराघात हुआ था। हम युवाओं के इस दर्द को समझते हैं। इन मामलों में लिप्त किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा तथा इन प्रकरणों में अब मछलियों के साथ बड़े मगरमच्छ भी पकड़े जा रहे हैं।

## पहाड़ों से मैदानी इलाकों तक मानसून अभी भी सक्रिय, बिहार और बंगाल में भारी बारिश का अलर्ट



**नईदिल्ली, 27 सितम्बर [एजेंसी]।**

उत्तर भारत के पहाड़ों से लेकर उत्तर पूर्व भारत तक मानसून के लौटने से पहले तेज वर्षा के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। हिमाचल में एक सप्ताह मौसम साफ रहने के बाद बुधवार देर रात बादल फटने से एक व्यक्ति की जान चली गई। जबकि फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।उत्तराखंड में भी वर्षा और भूस्खलन के कारण चारधाम यात्रा मार्ग लगातार बाधित हो रहे हैं।

इसके अलावा बिहार और सिक्किम में भी वर्षा के चलते दुश्वारियां बनी हुई हैं। उत्तराखंड में मौसम विभाग ने शुक्रवार को कई जिलों में भारी वर्षा का आरेंज अलर्ट जारी किया है। हिमाचल में बुधवार रात और गुरुवार सुबह भारी वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं एक व्यक्ति की मौत भी हुई है। पांवटा साहिब के कांडो कंसार के जंगल में बुधवार रात करीब एक बजे बादल फटने के बाद पानी के साथ भारी मलबा पड़दूनी गांव तक पहुंच गया। यहां पर लोगों ने घरों की छत पर चढ़कर जान बचाई। मलबे के कारण यहां करीब 500 एकड़ में लगी धान की फसल बर्बाद हो गई है। पंचभइया के खड्ड में भी बाढ़ आने से 1000 बीघा में धान की फसल नष्ट हुई है। वहीं, बाता नदी का जलस्तर बढ़ गया और पुल को छू लिया।

## विधानसभा में बोले केजरीवाल : 27 साल से भाजपा का दिल्ली में वनवास ,ये जनता को परेशान करके सत्ता में आना चाहते है

**नईदिल्ली, 27 सितम्बर [एजेंसी]।**

दिल्ली विधानसभा सत्र के दौरान दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, मैं 3-4 दिन पहले भाजपा के एक बड़े नेता से मिला। मैंने उससे पूछा कि मुझे गिरफ्तार करके आपको क्या मिला। बोला कि आपके पीछे से हमने पूरी दिल्ली ठप्प कर दी... मैं स्तब्ध रह गया कि देश की राजधानी के 2 करोड़ लोगों की जिंदगी खराब करके वे खुश हो रहे हैं... उनका मकसद था आम आदमी पार्टी की सरकार को बदनाम करना ताकि उनको वोट मिल जाएं... 27 साल से भाजपा का दिल्ली में वनवास है अब ये दिल्ली की जनता को परेशान करके वोट लेना चाहते हैं। आपके पास तो केंद्र सरकार है। केंद्र सरकार के पास अथाह पैसा है। केजरीवाल 500 मोहल्ला क्लीनिक बनाता है आप 5000 मोहल्ला क्लीनिक बनाओ न दिल्ली में। आपको कौन रोक रहा है। ... जनता बड़ी सयानी है। जनता देखती है, चुप रहती है। वोट वाले दिन जब बटन दबाने जाती है तो अपना गुस्सा जाहिर करती है। पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, दिल्ली की जनता के मन में दो बातें हैं। पहली केजरीवाल कट्टर ईमानदार है और दूसरा केजरीवाल जनता के लिए काम करता है... वे(भाजपा) उन दोनों बातों पर चोट करना चाहते थे... उन दोनों बातों पर चोट किया। मुझ पर फर्जी केस किया... सबको जेल में डाल दिया। हमारी पार्टी के 5 सबसे बड़े नेताओं को जेल में डालने के बाद भी हमारी पार्टी मजबूती के साथ खड़ी है। मैं चुनौती देता हूं, आपकी पार्टी के 2 लोगों को जेल में डालने पर वो टूट न जाए।

# पहलवान विनेश फोगाट को पता-ठिकाना न बताने पर नाडा ने भेजा नोटिस

**नईदिल्ली, 27 सितम्बर [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने सेवानिवृत्त पहलवान विनेश फोगाट को पता-ठिकाना न बताने का नोटिस दिया है। इस पहलवान का मूत्र नमूना लेने के लिए टीम भेजी गयी थी क्योंकि वह पेरिस ओलंपिक खेलों में पदक जीतने से चूक गयी थीं। फाइनल की सुबह उनका वजन 100 ग्राम अधिक होने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। नोटिस में बताया गया है कि 9 सितंबर को हरियाणा के सोनीपत में विनेश के निवास पर डोप नियंत्रण अधिकारी को भेजा गया था, उस समय जब उन्होंने बताया था कि वह वहां उपलब्ध रहेंगी। लेकिन हरियाणा विधानसभा के लिए चुनाव लड़ रहीं विनेश अपने निवास पर उपलब्ध नहीं थीं। नाडा ने कहा कि यह पता-ठिकाना न बताने का मामला है। पेरिस में महिलाओं की 50 किग्रा श्रेणी के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली महिला पहलवान बनकर भारत के लिए इतिहास रचने वाली विनेश को 14 दिनों के भीतर नोटिस का जवाब देने के लिए कहा गया है। नाडा के नोटिस में कहा गया है, आपको एडीआर की ठहरने की जगह संबंधी आवश्यकताओं का पालन करने में स्पष्ट विफलता के बारे में सूचित करने और मामले पर अंतिम निर्णय लेने से पहले आपको कोई भी टिप्पणी करने के लिए आमंत्रित करने को लेकर एक औपचारिक नोटिस दिया जाता है। कृपया इस पत्र को ध्यान से पढ़ें, क्योंकि इसके आपके लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसकी एक प्रति आईएएनएस के पास उपलब्ध है। औपचारिक नोटिस में विनेश फोगाट को सूचित किया गया कि वह 9 सितंबर को 12.20 बजे सोनीपत की प्रताप कॉलोनी में अपने आवास पर उपलब्ध नहीं थीं, जैसा कि हाल ही में ठहरने की जगह संबंधी फाइलिंग में अपडेट किया गया था। नाडा के नोटिस में कहा गया है, उस दिन उस समय और स्थान पर आपका परीक्षण करने के लिए एक डोप नियंत्रण अधिकारी (डीसीओ) भेजा गया था। हालांकि, डीसीओ आपको परीक्षण के लिए नहीं ढूंढ पाए क्योंकि आप दिए गए स्थान पर उपलब्ध नहीं थीं। डीसीओ की असफल प्रयास रिपोर्ट की एक प्रति संलग्न है, जिसमें प्रयास का विवरण दिया गया है।



## ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट को कहा अलविदा, नहीं खेलेंगे कोई भी लीग कहा- शरीर नहीं दे रहा साथ

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के महान ऑलराउंडर डेवन ब्रावो ने सभी तरह के क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। कैरिबियन प्रीमियर लीग में अपना आखिरी मैच खेलने के बाद ब्रावो ने ये फैसला लिया। ब्रावो अब किसी भी तरह की लीग में नहीं खेलेंगे। वेस्टइंडीज की टी20 वर्ल्ड कप जीत का हिस्सा रहे ब्रावो ने कहा है कि उनका दिमाग तो चाहता है कि वह खेलें लेकिन उनका शरीर अब इसकी इजाजत नहीं दे रहा है।

# उमर अब्दुल्ला को जम्मू-कश्मीर में हार का आभास, सरकार बनाने का रुख बदला : स्मृति ईरानी

**जम्मू, 27 सितम्बर [एजेंसी]।**

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने जम्मू में मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान ईरानी ने उमर अब्दुल्ला के सरकार बनाने के बदलते रुख पर प्रतिक्रिया दी।स्मृति ईरानी ने कहा कि उमर अब्दुल्ला लोगों का मूड भांपने के बाद अब कह रहे हैं कि उनकी पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) कांग्रेस के साथ गठबंधन करके सरकार बना सकती है। इससे पहले अब्दुल्ला ने दावा किया था कि नेशनल कॉन्फ्रेंस को बहुमत मिलेगा और वह जम्मू-कश्मीर में अपने दम पर सरकार बनाएंगे।उन्होंने कहा, भाजपा ने पहले दिन से ही कहा है कि हम जम्मू-कश्मीर में अपने दम पर सरकार बनाएंगे। जबकि उमर अब्दुल्ला ने अपने पहले के बयान, नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर में अपने दम पर सरकार बनाएगी से अपना रुख बदल लिया है। स्मृति ईरानी ने एक सवाल के जवाब में कहा, अब वह कह रहे हैं कि एनसी कांग्रेस के साथ गठबंधन करके सरकार बनाएगी। क्या अब उन्हें अपनी हार का आभास हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संसद में और सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल के माध्यम से कहा है कि हम राज्य का दर्जा बहाल करेंगे।आगे कहा, कांग्रेस कहती है कि वे जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने के लिए आंदोलन शुरू करेंगे। केवल केंद्र की भाजपा सरकार ही राज्य का दर्जा बहाल कर सकती है, कांग्रेस नहीं। राज्य का दर्जा बहाल करने के मुद्दे पर कांग्रेस का रुख आंदोलन का है जबकि हमारा रुख बहाली का है।पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में 84 हजार करोड़ रुपये का निवेश आया है। उन्होंने कहा, अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में तीन लाख युवाओं को 8 हजार करोड़ रुपये की वित्तीय मदद दी गई है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को एक प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। स्वयं सहायता समूहों की सात लाख महिलाएं जम्मू-कश्मीर में लखपति दीदी बन चुकी हैं। हमने वादा किया है कि जम्मू-कश्मीर में सरकार बनने पर हर घर की सबसे बुजुर्ग महिला को 18 हजार रुपये दिए जाएंगे। उज्ज्वला योजना के तहत 1 लाख 17 हजार परिवारों को इस योजना के अंतर्गत लाया गया है। हमने अपने घोषणापत्र में गरीब परिवारों को दो एलपीजी सिलेंडर मुफ्त देने का वादा किया है। उन्होंने कहा, हमने संकल्प पत्र में पंडित प्रेमनाथ डोगरा रोजगार योजना के तहत पांच लाख नई नौकरियां देने का वादा किया है। यूपीएससी और जेकेपीएससी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को कोचिंग के लिए 10,000 रुपये दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में डिजिटलीकरण के लीडर (अगुआ) हैं। दूरदराज के इलाकों के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने के लिए लैपटॉप और टैबलेट दिए जाएंगे। विशेष आर्थिक क्षेत्र योजना के तहत जम्मू आईटी हब बनेगा। तीन क्षेत्रीय विकास बोर्ड बनाए जाएंगे। भाजपा नेता ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी नीति बांटने की है। यह वह पार्टी है जिसका नेतृत्व अतीत में ऐसे लोगों ने किया है जो भारत में पैदा नहीं हुए।



## आईआईटी कानपुर के छात्र ने पुलिस पर लगाया अभद्रता का आरोप, सोशल मीडिया पर बयां की पूरी कहानी; जांच के आदेश

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर के छात्र ने कल्याणपुर पुलिस पर अभद्रता और धमकी देने का आरोप लगाया है। छात्र ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पूरी कहानी बयां की है। पुलिस मुख्यालय ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं। इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इट्जसेनपाई नाम की आईडी से आईआईटी छात्र ने लिखा है कि मैं और मेरा दोस्त एक पुराने दोस्त से मिलने गए थे, जो अपने पिता की ब्रेन सर्जरी के लिए लखनऊ जा रहा था। तभी चार पुलिस वाले आए। उन्होंने हम लोगों की वीडियो बनाई और जब पूछा तो दुर्व्यवहार शुरू कर दिया।

# मस्जिद विवाद पर बयान देने के बाद कांप रही मंत्रियों की टांगे : जयराम ठाकुर

**शिमला, 27 सितम्बर [एजेंसी]।**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत शिमला एक माल रोड पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस पप्रदर्शनी में जहां मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों की झलक देखी जा सकती है वहीं मोदी जी के जीवन से जुड़ी प्रेरक बातों का भी अक्स है। नरेंद्र मोदी ने चार बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में काम करते हुए गुजरात को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इसके बाद भारत के प्रधानमंत्री के रूप में काम करते हुए भारत के ऐतिहासिक विकास की गाथा लिखी। भारत को दुनिया के अग्रणी देशों की प्रथम पंक्ति में ला खड़ा किया। भारत के हर वर्ग का सर्वांगीण विकास किया। जयराम ठाकुर ने इस प्रदर्शनी के लिए पार्टी के सभी साथियों को साधुवाद देने के साथ-साथ प्रदर्शनी को एक बार सभी से अवश्य देखने का आग्रह किया। यह प्रदर्शनी हिमाचल के सभी लोकसभा क्षेत्रों में आयोजित होगी। इस मौके पर उनके साथ हिमाचल भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी रशिम धर सूद, प्रदेश कोषाध्यक्ष कमल सूद, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, प्रेम ठाकुर, सुनील धर, संजय सूद, राजीव पंडित, संगीत सूद, तरुण राणा, बिलाल अहमद, गणेश दत्त, श्रवण शर्मा, बिट्टू पाना, किमी सूद समेत आदि उपस्थित रहे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि मस्जिद विवाद में कांग्रेस का दोहरा चरित्र सामने आ रहा है। एक तरफ़ मंत्री बयान पर बयान दिए जा रहे हैं और दूसरी और दिल्ली से दबाब पड़ते ही इनकी टांगे लड़खड़ा रही हैं।

कोई बाहरी मुस्लिम नेता यहां आकर माहौल ख़राब कर जाता है और जिनके इशारे पर कानून व्यवस्था चलती है वो मुख्यमंत्री चुप्पी साधे हुए है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जयराम ठाकुर ने कहा कि जिस अवैध मस्जिद को पुलिस-प्रशासन द्वारा सील किया गया है उसमें जबरन घुसकर और वहां का वीडियो बनाकर एआईएमआईएम नेता ने शिमला में कायम हो रही शांति को भंग करने की कोशिश की है। एआईएमआईएम नेता ने वीडियो बनाया है जिसमें वह मस्जिद के सामने वाले भवन को उसकी ऊंचाई के आधार पर गिराने की बात कह रहे हैं जबकि उन्हें यह मालूम नहीं कि वो भवन वैध तरीके से बना है, जबकि मस्जिद का निर्माण अवैध तरीके से हुआ है।

### फिल्म इमरजेंसी को रिलीज करने के लिए कंगना रनौत को पूरी करनी होगी अब ये शर्त

नई दिल्ली। हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद व अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को रिलीज करने को लेकर रास्ता साफ हो चुका है। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने गुरुवार को बॉम्बे हाईकोर्ट को जानकारी दी है कि वह फिल्म 'इमरजेंसी' को प्रमाण पत्र जारी करने को तैयार है लेकिन फिल्म के कुछ हिस्सों में काट छांट करनी होगी। जिस कारण अब इस फिल्म को लेकर 30 सितंबर को सुनवाई होगी।हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई में फिल्म के प्रमाणपत्र जारी करने पर फैसला नहीं लेने पर सेंसर बोर्ड को फटकार लगाई थी। गुरुवार को सुनवाई के दौरान सेंसर बोर्ड के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि बोर्ड की संशोधन समिति ने फिल्म को रिलीज करने से पहले कुछ हिस्सों में कट लगाने का सुझाव दिया है।

# केंद्र सरकार ने नागालैंड-अरुणाचल में 6 महीने के लिए बढ़ाया अफस्पा

**नईदिल्ली, 27 सितम्बर [एजेंसी]।**

केंद्र सरकार ने नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम को अगले छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। यह फैसला इन राज्यों में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद लिया गया है। अफस्पा के तहत, इन क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बलों को लोगों की तलाशी लेने, गिरफ्तारी करने और विशेष परिस्थितियों में फायरिंग करने के व्यापक अधिकार प्राप्त होते हैं। नागालैंड के आठ जिलों और पांच अन्य जिलों के 21 थाना क्षेत्रों को पहले ही एक अप्रैल, 2024 से छह महीने के लिए 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया जा चुका था। अब इन क्षेत्रों को एक अक्टूबर, 2024 से और छह महीने के लिए 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया गया है।अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों और असम की सीमा से लगे नामसाई जिले के कुछ हिस्सों को भी एक अप्रैल, 2024 से 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया गया था।

अब इस क्षेत्र को भी एक अक्टूबर, 2024 से छह महीने के लिए 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया गया है। अफस्पा को लेकर कई वर्षों से विवाद चल रहा है। मानवाधिकार कार्यकर्ता इस कानून का विरोध करते हुए इसे लोगों के अधिकारों का हनन बताते हैं। उनका कहना है कि इस कानून के तहत सशस्त्र बलों को दिए गए व्यापक अधिकारों का दुरुपयोग होता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के 70 प्रतिशत हिस्से से हटा लिया गया है, हालांकि यह जम्मू-कश्मीर में फिलहाल लागू है।

# पंडित दीनदयाल की जयंती पर उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**रामानुजगंज।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के मण्डल संयोजक अमित गुप्ता के नेतृत्व में नगर के वार्ड क्रमांक 11 में सुपर मार्केट में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर उनके जयंती के अवसर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित उनके पुनीत कार्यों को याद किया गया। सभी ने कहा कि पंडित दीनदयाल के विचार मानवता के लिए प्रेरणादायक एवं नए भारत के निर्माण की राह दिखाने वाले हैं। भाजपा नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आर.के. पटेल नेता ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादा जीवन उच्च विचार और दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के धनी थे वह एक मेधावी छात्र, संगठक, लेखक, पत्रकार, विचारक राष्ट्रवादी और उत्कृष्ट मानवतावादी थे।उनके सामाजिक राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन में सबसे कमजोर और सबसे गरीब व्यक्ति की चिंता सदैव कचोटती थी। मां भारती की सेवा करने के भाव को लेकर जबरदस्त उत्साह जज्बे, जुनून और दृढ़ विश्वास के साथ में 1937 में भारतीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हुए इसके बाद जनसंघ के महासचिव के रूप में राजनीति में कदम रखा। भाजपा नेता अरुण केसरी में कहां की उन्होंने स्वदेशी आर्थिक मॉडल को अपनाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने एकात्मक मानववाद को रेखांकित किया इसमें समावेशी और जन समुदाय को सशक्त बनाने का विचार था। उनका मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए जिसमें सद्भाव,सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। भाजपा मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता एवं पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष शैलेश गुप्ता सहित अन्य वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता बताई।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष केशरी, ज्ञानयज्ञ परिवार के मोहन गुप्ता, जनपद उपाध्यक्ष बी.डी.लाल गुप्ता, पिंटू गुप्ता, अजय गुप्ता,डॉ राकेश गुप्ता,पार्षद रमेश गुप्ता, अनूप गुप्ता,अर्पित जायसवाल, धर्मप्रकाश केशरी,अश्विनी गुप्ता,विजय तिवारी,कृष्णा गुप्ता,रवि रंजन पाल,अर्जुन दास,पवन गुप्ता,सुमित गुप्ता,विकास गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहें।कार्यक्रम का संचालन भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के मण्डल संयोजक अमित गुप्ता के द्वारा एवं आभार प्रदर्शन मोहन गुप्ता के द्वारा किया गया।

## वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार 2024 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**सूरजपुर।** छ.ग. शासन द्वारा महिलाओं विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिला को प्रतिवर्ष ''वीरांगना'' रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत एक महिला को 2 लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जावेगा। आवेदन प्रपत्र क में दिनांक-10 अक्टूबर 2024 तक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में प्रस्तुत की जा सकेंगी। प्राप्त आवेदनों को जिला स्तरीय समिति द्वारा 2 नामों का चयन कर अनुशंसा संचालनालय महिला एवं बाल विकास को प्रेषित की जावेगी। किसी भी प्रकार की समस्या/सहायता हेतु जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में संपर्क किया जा सकता है।

## राशन कार्ड नवीनीकरण और ई-केवाईसी जल्द पूर्ण करें: कलेक्टर

**सूरजपुर।** कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर रोहित व्यास ने खाद्य विभाग के योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जिले में राशन कार्ड नवीनीकरण शीघ्र पूर्ण करने साथ ही राशन कार्ड सदस्यों के ई-केवाईसी और उनके मोबाईल नम्बर दर्ज करने का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि उचित मूल्य की दुकान नियमित रूप से समय पर खुले व बंद हो, जिसकी निगरानी संबंधित अधिकारी को नियमित रूप से करनी है। मासिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने घरेलू सिलेंडर के कमर्शियल यूज पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि रसोई गैस के अवैध कारोबार और कमर्शियल यूज पर लगतार औचक निरीक्षण कर, इसे नगणय करना करना है। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारी को डीजल एवं पेट्रोल पंप के रेग्युलर मॉनीटरिंग के निर्देश भी दिये। जिसमें टैंक भंडारण व पंप में मिलने वाली अन्य मूलभूत सुविधाओं के वस्तु स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिये। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी विजय किरण व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## आयुष्मान महाअभियान के अंतर्गत 900 हितग्राहियों का किया गया पंजीयन

**सूरजपुर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य एवं भारत योजना डिजिटल मिशन के अंतर्गत आज जिले में आयुष्मान कार्ड महाअभियान चलाया गया। जिसमें प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार 900 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग,सभी जनपद पंचायत के सीईओ, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी,समस्त मुख्य नगर पंचायत/नगर पालिका अधिकारी व मितानिनों को कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा महा अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसमें उन्हें युद्ध स्तर पर कार्य शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया गया था।

## ग्राम पंचायत नवापारा में स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत स्कूल परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**सूरजुपर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 अंतर्गत जनपद पंचायत भैयाथान के ग्राम पंचायत नवापारा में स्वच्छग्राही, सरपंच, सचिव द्वारा स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण किया गया, साथ ही हाईस्कूल/मिडिल स्कूल तारा के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता अंतर्गत हाथ धुलाई और प्लास्टिक कचरा के सुरक्षित निपटान हेतु चर्चा की गई और स्वच्छता संबंधी संदेश दिया गया। जनपद पंचायत रामानुजनगर अंतर्गत प्राथमिक शाला बरहोल में स्वच्छाग्रही दीदियों द्वारा स्कूल परिसर में श्रमदान कर सफाई की गई एवं एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया तथा अपने घर मोहल्ले एवं सार्वजनिक क्षेत्र में स्वच्छ रखने का समझाइए दी गई।

## टीकाकरण के तीन माह बाद दूधमुंह बच्ची की मौत



**अंबिकापुर।** मैनपाट में टीकाकरण के बाद तीन माह की दूधमुही बच्ची की मौत हो गई. परिजनों का कहना है कि टीकाकरण के पहले उनकी बच्ची स्वस्थ थी. बच्ची की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है. मैनपाट के ग्राम परपटिया निवासी सेहत राम मंझवार के तीन महीने के बेटी नैना को मंगलवार को टीका लगाया गया था. सेहत राम ने बताया कि रात में सोने के बाद सुबह उठकर देखा तो बच्ची की मौत हो गई थी. उसे नहीं मालूम की किस बीमारी से बचाव के लिए उसकी बेटी को टीका लगाया गया था। बेटी की मौत की खबर के बाद सुबह उसके घर डॉक्टर आया था, उसने बच्चे की कमजोरी को कारण बताया था. पिता ने बच्चे के मौत के लिए जिम्मेदार पर कार्रवाई की मांग की है. बच्चे की मौत की खबर से हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग ने बच्चे के शव का पोस्ट मार्टम करने के बाद बिसरा और ब्लड सैंपल को सुरक्षित रखा है, जिसे जांच के लिए रायपुर भेजे जाने की बात कही गई है. मामले में सीएमएचओ डॉ. प्रेम सिंह मार्को का कहना है कि श्वांस नली में दूध के रूकने की वजह से बच्ची की मौत हुई है।

## मिनी माता सम्मान ( महिला उत्थान ) वर्ष 2024 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**सूरजपुर।** छ.ग. शासन द्वारा महिलाओं विशेष रूप से अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की एक महिला/अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष ''मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)'' पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत एक महिला को 2 लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। आवेदन प्रपत्र क में 10 अक्टूबर 2024 तक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में प्रस्तुत की जा सकेंगी। प्राप्त आवेदनों को जिला स्तरीय समिति द्वारा 2 महिला/संस्था के नामों का चयन कर अनुशंसा संचालनालय महिला एवं बाल विकास को प्रेषित की जाएगा। किसी भी प्रकार की समस्या/सहायता हेतु जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में संपर्क किया जा सकता है।

## बहादुर कलारिन पुरस्कार 2024 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**सूरजपुर।** छ.ग. शासन द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली राज्य की महिला को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से ''बहादुर कलारिन सम्मान '' प्रदान किया जाना है। इसके तहत एक महिला को 2 लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। आवेदन प्रपत्र क में 10 अक्टूबर 2024 तक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में प्रस्तुत की जा सकती है। प्राप्त आवेदनों को जिला स्तरीय समिति द्वारा 2 नामों का चयन कर अनुशंसा संचालनालय महिला एवं बाल विकास को प्रेषित की जाएगा। किसी भी प्रकार की समस्या/सहायता हेतु जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में संपर्क किया जा सकता है।

# सीतापुर क्षेत्र में राजमिस्त्री की मृत्यु पर जतायी गई शोक संवेदना

**अंबिकापुर।** सीतापुर क्षेत्र के राजमिस्त्री संदीप लकड़ा के अपहरण और हत्याकांड में पुलिस कर्मियों के विरुद्ध जांच व कार्रवाई जारी है। सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग ने सीतापुर थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक जान प्रदीप लकड़ा को भी निलंबित कर दिया है। इस मामले में अब तक तीन पुलिस अधिकारी- कर्मचारियों को निलंबित किया गया था।



पीड़ित परिवार के सदस्य घटना के बाद से ही पुलिस पर जांच में लापरवाही का आरोप लगा रहे थे। स्वजन ने मृतक संदीप लकड़ा के शव का अभी तक अंतिम संस्कार नहीं किया है। शव अभी भी मेडिकल कालेज अस्पताल अंबिकापुर के मोर्चरी में ही रखा हुआ है। लगभग तीन माह बाद शव बरामद किया गया था। अत्यधिक दिन हो जाने के कारण शव सड़ने लगा था। इसी महीने की छह तारीख को बरामद शव अभी भी मोर्चरी में ही रखा है। 15 दिन बीत चुके हैं इस कारण शव को ज्यादा दिनों तक रखने में भी मेडिकल कालेज के फारेंसिक साइंस विभाग ने संक्रमण की संभावना जताई है। विभाग की ओर से पुलिस को एक पत्र भेजा गया है। जिसमें शव को मोर्चरी से ले जाने का आग्रह किया गया है। पत्र में लिखा गया है कि ज्यादा दिनों तक शव को रखना स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हो सकता है। पुलिस की ओर से इस पत्र का हवाला देकर सीतापुर एसडीएम रवि राही के माध्यम से स्वजन तक सूचना भी भिजवा दिया गया है। पुलिस और प्रशासन की इच्छा है कि स्वजन , शव का अंतिम संस्कार कर दें। इस हेतु शव मिलने के पहले दिन से ही प्रयास भी किया जा रहा है। उधर घटना के विरोध तथा मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीतापुर में धरना प्रदर्शन अभी भी जारी है। मामले ने राजनैतिक रूप भी ले लिया है राजमिस्त्री संदीप लकड़ा की हत्या के विरोध में जारी विरोध प्रदर्शन के 15 वें दिन झारखंड के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की व अमरजीत भगत धरना स्थल पर पहुंचे। दोनों पूर्व मंत्रियों ने मृतक संदीप लकड़ा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है।जिस बेरहमी से राजमिस्त्री संदीप लकड़ा की हत्या की गई।उसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है।इस दौरान उन्होंने फरार आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की।इसके साथ ही मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी, मुआवजा देने की मांग की। मृतक संदीप लकड़ा की पत्नी सलीमा लकड़ा के साथ कांग्रेसजन शामिल हुए।

## पत्नी व दादी के सामने रेण नदी में बह गया ग्रामीण

**उदयपुर।** सरगुजा जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मतरिगा मुसरडांड निवासी हरकलाल मझवार (40) बुधवार को रेण नदी में बह गया। बाढ़ के बाद भी नदी पार करने के दौरान यह हादसा हुआ। उसका अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। मतरिंगा निवासी हरकलाल पत्नी और दादी के साथ खेत से वापस घर जा रहा था। उसका घर नदी के दूसरी ओर है। बारिश के कारण नदी में बाढ़ था।उसकी पत्नी और दादी नदी के किनारे खड़े थे। हरकलाल पहले मैं जा रहा हूं बोलकर रेण नदी पार करने के लिए नदी में उतरा और अचानक पानी बढ़ने से वह नदी की धारा में बह गया। पानी कम होने पर उसकी पत्नी और अन्य लोग खोजबीन कर घर की ओर पार हुए। केदमा चौंकी के उपनिरीक्षक सौंकी लाल राज के नेतृत्व में पुलिस अभी भी नदी के किनारों पर उसकी तलाश कर रही है। केसमा,केदमा,कुमडेवा,मुडापारा, ससाकालो, लिपगी,जजगी ग्राम के लोगों से अपील की गई है कि किसी को पता चले तो पुलिस को सूचना दें।

## पूजा सामग्री दुकानों के प्रसाद की हुई जांच

**अंबिकापुर।** तिरूपति मंदिर में प्रसाद में मिलावट की घटना के मद्देनजर जिला सरगुजा में नवरात्र पर्व को ध्यान में रखते हुए सभी धार्मिक स्थलों के आसपास स्थित पूजा सामग्री दुकानों में बेचे जाने वाले प्रसादों की नियमित जांच एवं निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं कलेक्टर सरगुजा के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान के संबंध में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरआर देवांगन ने बताया कि गुरुवार को जिले के सिद्धपीठ महामाया मंदिर परिसर के आसपास लगने वाले पूजा सामग्री एवं प्रसाद विक्रेताओं का औचक निरीक्षण कर उनके द्वारा बेचे जाने वाले सभी प्रकार के प्रसादों की गहन जांच की गई। प्रसाद विक्रेताओं द्वारा बनाए एवं विक्रय किए जा रहे प्रसाद का उचित स्वास्थ्यकर (हाइजेनिक) दशाओं में निर्माण एवं खाद्य प्रतिष्ठान की साफ-सफाई करने निर्देश दिए गए।

# लालच के चक्कर में कई लोगों ने 40 लाख की रकम गंवाई

**सूरजपुर।** शेयर मार्केट में 72 दिनों में रकम दोगुनी कराने का झांसा देकर 40 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने मुख्य आरोपित समेत उसके पिता व भाई के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर लिया है।

उक्ताशय की रिपोर्ट नगर के मेनरोड निवासी इम्तियाज खान ने कोतवाली थाने में दर्ज कराई है। उसका आरोप है कि नगर के भैयाथान रोड निवासी कारोबारी संजीत अग्रवाल समेत उसके पिता कन्हैयालाल अग्रवाल व भाई संदीप अग्रवाल ने रकम 72 दिनों में रकम दोगुना करने का प्रलोभन देकर उससे 40 लाख रुपये की ठगी कर ली है। शिकायत में बताया गया है कि एक ही नगर में रहने के कारण इम्तियाज व आरोपितो के बीच अच्छी पहचान थी। ठगी के शिकार इम्तियाज का कहना है कि आरोपित उसे ट्रेडिंग कंपनी शेयर मार्केट में कारोबार करने को कहते थे तथा उनके द्वारा यह भी कहा जाता था कि हम लोग 72 दिनों में रकम दोगुनी करके देते हैं। वे ट्रेडिंग कंपनी में पैसा लगाने का बार-बार प्रलोभन देने लगे तथा अक्सर आकर तीनों आरोपित उससे कहते थे कि हमको पैसा दो। तुम जितना पैसा दोगे। हम 72 दिनों में उसका दोगुना करके वापस कर देगें। प्रलोभन में आकर उसने अपने बच्चों की शादी के लिए बैंक में जमा फिक्स डिपॉजिट से ओडी कराकर तथा कुछ राशि अपने साले शोएब अहमद सिद्दीकी से लेकर 40 लाख रुपए उन्हें विगत 12 मार्च को दिया था। संजीत अग्रवाल के पिता कन्हैया लाल अग्रवाल एवं संदीप अग्रवाल द्वारा उससे कहा था कि आपका पैसा सुरक्षित रहेगा।

हम लोग हैं, हमारी जिम्मेदारी है। लेकिन रकम न दोगुनी हुई और न ही मूल रकम वापस हुई। तब जाकर उसने मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की। जांच के बाद कोतवाली पुलिस ने मुख्य आरोपित संजीत अग्रवाल समेत उसके पिता कन्हैयालाल अग्रवाल व भाई संदीप अग्रवाल के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## सरेआम शराब पीते 13 गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने भाठागांव बाजार के पास सरेआम शराब पीते आरोपी दीवाकर डहाके 38 वर्ष, संतोष डहाके 34 वर्ष, जीतेन्द्र सारथी 30 वर्ष व राकेश देवांगन 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी योगेश्वर यादव 33 वर्ष व हरीश ध्रुव 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरहह गंज थाना पुलिस ने आरोपी निशांत बंसोड़े 42 वर्ष, विकाश धरडे 40 वर्ष व अरूण माली 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी लेखराम साहू 35 वर्ष व उरेन्द्र कुमार निषाद 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह विधानसभा पुलिस ने आरोपी अश्वनी साहू 35 वर्ष व मुंगेलाल बंजारे 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## बैंक के सामने खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** मंदिरहसौद स्थित एसबीआई बैंक के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमलाल वर्मा 35 वर्ष मंदिरहसौद का रहने वाला है। प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएफ 7752 को एसबीआई बैंक के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## हाउसिंग बोर्ड की प्रापर्टी अब नहीं होगी फ्री-होल्ड

**रायपुर।** छत्तीगसढ़ गृह निर्माण मंडल के आवासीय मकान और व्यवसायिक भवन अब फ्री होल्ड नहीं होंगे। यानी भवन खरीदने वालों को अब जमीन का मालिकाना हक नहीं मिलेगा। हाउसिंग बोर्ड ने फ्री होल्ड की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश जारी किया है। बता दें कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन के दौरान सरकार ने 2020 में हाउसिंग बोर्ड के मकानों को फ्री होल्ड करने की प्रक्रिया शुरू की थी। अफसरों के अनुसार इसमें कई तरह की दिक्कतें आ रही है। बताया जा रहा है कि हितग्राहियों के द्वारा फ्री-होल्ड के बाद जब राजस्व अभिलेख में नामांतरण कराया जाता है तो भूमि स्वामी के नाम रूप में उसका नाम तो दर्ज हो जाता है, लेकिन अभिलेख में रिकार्ड दुरूस्तीकरण नहीं होने के कारण धारणाधिकार / राजस्व भू उपयोग में आवासीय के स्थान पर कृषि अथवा शासकीय भूमि दर्शित होता है।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 1134.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1134.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 26 सितम्बर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2352.5 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 588.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 604.1 मिमी, सूरजपुर में 1098.0 मिमी, बलरामपुर में 1658.3 मिमी।

# पंडो बसाहटों में घर-घर सर्वे,गांवों में लगा शिविर

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड के पंडो बहुल बसाहटों में घर-घर सर्वे शुरू किया गया है। शिविर लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। गांव में ही बीमार लोगों को दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है। इस ब्लाक में 12 दिन के भीतर विशेष संरक्षित पंडो जनजाति के पांच लोगों की मौत हो गई थी। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डा अनिल शुक्ला ने हर मौत के कारणों की जांच करने का आदेश दिया है। उन्होंने बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

रामचंद्रपुर ब्लाक पंडो बहुल है। शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता की कमी से पंडो समाज आज भी विकास की मुख्य धारा से दूर है। कम आयु में विवाह, पौष्टिक भोजन की कमी के कारण ये कई प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो जाते है। पूर्व में पंडो जनजाति के कई लोगों की मौत अलग-अलग कारणों से हुई थी। उसके बाद प्रशासन ने गांव-गांव में शिविर लगाने के साथ ही बीमार लोगों के उपचार के लिए अंबिकापुर से लेकर रायपुर तक व्यवस्था बनाई थी। स्थिति सामान्य होने के बाद ये सुविधाएं बंद हो गई। इसका परिणाम यह हुआ कि पंडो लोगों की फिर से मौत शुरू हो गई है।इन मौतों के बाद स्वास्थ्य विभाग फिर से घर-घर संपर्क करने के साथ ही गांव-गांव में शिविर भी आयोजित कर रहा है। स्वास्थ्य व स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करने के साथ ही गंभीर रूप से बीमार होने पर अस्पताल जाने की सलाह दी जा रही है। मालूम हो कि शरीर में खून की कमी,बुखार, क्षय रोग के अलावा प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मृत्यु हुई थी। सामाजिक स्तर पर ही इस मामले को अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया था। पंडो बहुल बसाहटों में निवासरत लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी की जानकारी भी मैदानी कर्मचारियों के माध्यम से सामने आई है। इसे देखते हुए पौष्टिक और गर्म भोजन तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने एक माह का माइक्रोप्लान भी तैयार किया है। इसके तहत पंडो बसाहटों में स्वास्थ्य कर्मचारियों की सतत निगरानी रहेगी। मैदानी कर्मचारियों के माध्यम से सूचना तंत्र को और मजबूत किया जाएगा। किसी के भी बीमार होने की स्थिति में त्वरित चिकित्सा जांच व उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। महिला बाल विकास के मैदानी कर्मचारियों की भी मदद ली जा रही है। पंडो बसाहटों में मितानिनों के माध्यम से घर-घर सर्वे कराया जा रहा है। पहले दिन आठ लोग बीमार पाए गए हैं। इन्हें चिकित्सकीय जांच व उपचार सुविधा उपलब्ध कराई गई है। गांवों में स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जा रहा है। मौसमी बीमारियों से पीड़ित लोगों को गांव स्तर पर ही जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य कर्मचारियों को अलर्ट किया गया है।

***रायपुर।** गोंदवारा रिंग रोड 2 स्थित माल के पीछे खड़े टाटा एस वाहन को अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

# भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सदस्यों ने दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**रामानुजगंज।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के मण्डल संयोजक अमित गुप्ता के नेतृत्व में नगर के वार्ड क्रमांक 11 में सुपर मार्केट में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर उनके जयंती के अवसर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित उनके पुनीत कार्यों को याद किया गया। सभी ने कहा कि पंडित दीनदयाल के विचार मानवता के लिए प्रेरणादायक एवं नए भारत के निर्माण की राह दिखाने वाले हैं।

भाजपा नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आर.के. पटेल नेता ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सादा जीवन उच्च विचार और दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के धनी थे वह एक मेधावी छात्र, संगठक, लेखक, पत्रकार, विचारक राष्ट्रवादी और उत्कृष्ट मानवतावादी थे।उनके सामाजिक राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन में सबसे कमजोर और सबसे गरीब व्यक्ति की चिंता सदैव कचोटती थी। मां भारती की सेवा करने के भाव को लेकर जबरदस्त उत्साह जज्बे, जुनून और दृढ़ विश्वास के साथ में 1937 में भारतीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हुए इसके बाद जनसंघ के महासचिव के रूप में राजनीति में कदम रखा। भाजपा नेता अरुण केसरी में कहां की उन्होंने स्वदेशी आर्थिक मॉडल को अपनाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने एकात्मक मानववाद को रेखांकित किया इसमें समावेशी और जन समुदाय को सशक्त बनाने का विचार था। उनका मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए जिसमें सद्भाव,सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। भाजपा मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता एवं पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष शैलेश गुप्ता सहित अन्य वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता बताई।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष केशरी, ज्ञानयज्ञ परिवार के मोहन गुप्ता, जनपद उपाध्यक्ष बी.डी.लाल गुप्ता, पिंटू गुप्ता, अजय गुप्ता,डॉ राकेश गुप्ता,पार्षद रमेश गुप्ता, अनूप गुप्ता,अर्पित जायसवाल, धर्मप्रकाश केशरी, अश्विनी गुप्ता,विजय तिवारी,कृष्णा गुप्ता,रवि रंजन पाल,अर्जुन दास,पवन गुप्ता,सुमित गुप्ता,विकास गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहें।कार्यक्रम का संचालन भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के मण्डल संयोजक अमित गुप्ता के द्वारा एवं आभार प्रदर्शन मोहन गुप्ता के द्वारा किया गया।

## कई यात्री ट्रेनें फिर हुई रद्द



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के भाटापारा-हथबंध सेक्शन में अधोसंरचना विकास के तहत रोड अंडर ब्रिज निर्माण के लिए 26, 27 और 29 सितंबर को ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस अवधि में रिलीविंग गर्डर की लांचिंग के कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान कुछ लोकल ट्रेनों को रद्द किया गया है और कुछ ट्रेनें देरी से रवाना होंगी। 26 और 29 सितंबर को गाड़ी संख्या 08719 बिलासपुर-रायपुर मेमू स्पेशल रद्द। 27 सितंबर को गाड़ी संख्या 08261 बिलासपुर-रायपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द। 27 सितंबर को गाड़ी संख्या 08275 रायपुर-जूनागढ़ रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द। 28 सितंबर को गाड़ी संख्या 08276 जूनागढ़-रायपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द। 28 सितंबर को गाड़ी संख्या 08280 रायपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल रद्द। 29 सितंबर को गाड़ी संख्या 08728 रायपुर-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द। 29 सितंबर को गाड़ी संख्या 08734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू स्पेशल रद्द। 29 सितंबर को गाड़ी संख्या 08733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू स्पेशल रद्द।

## बीकेएमएस कार्यकर्ताओं ने निकाली मोटर साइकिल रैली

**कोरबा।** एसईसीएल में भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के द्वारा कई मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। कल गेवरा में बीकेकेएमएस कार्यकर्ताओं ने मोटर साइकिल रैली निकालते हुए प्रबंधन को जाकर ज्ञापन सौंपा। इस रैली में मदन सिंह, प्रीतम राठौर, बाबू सिंह, विरेन्द्र राठौर , कुलदीप कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। इसी तरह कोरबा पूर्व में भी अशोक सूर्यवंशी के नेतृत्व में प्रबंधन को जाकर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान शैलेन्द्र सिंह, संजय सिंह, ललीन पवार, बाबूलाल चंद्रा, राजेन्द्र यादव, दादू लाल राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए । कुसमुंडा में भी राष्ट्रीय अध्यक्ष टीकेश्वर राठौर, अमिया मिश्रा, राहुल वर्मा, मोरध्वज भार्गव सहित अन्य कार्यकर्ताओं रने ज्ञापन सौंपा।

## न्याय यात्रा में शामिल होगें कांग्रेसी

**कोरबा।** प्रदेश सरकार के खिलाफ कांग्रेस के द्वारा आज से न्याययात्रा निकाली जा रही है। गिरोध पुरी से यह न्याययात्रा शुरू हुई इस यात्रा में शामिल होने के लिए प्रदेश सचिव विकास शक्ला गोपाल यादव, प्रकाश सिंह, राहुव राव, सहित कोरबा जिले के सैंकड़ो कांग्रेसी गिरौध पुरी के लिए रवाना हुए है। इसी तरह कांग्रेस नेता श्याम नारायण सोनी, दीपचंद केशरवानी, ब्लाक अध्यक्ष दिलीप सिंह, विशाल शुक्ला, टीकाराम मनहरण,राजेश मानिकपुर, फिरोज अनंत, नवल किशोर पंडिति संजय आजाद, प्रदीप अग्रवाल, परमानंद सिंह, अजय प्रसाद रामगोपाल यादव, नारायण कुर्रे सहित अनेकों कार्यकर्ता इस यात्रा में शामिल होगें। युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष रहमान खान ,शत्रुघन पटेल, तारेस राठौर, दीपेश यादव के द्वारा भी यात्रा में जाने की तैयारी की जा रही है।

## आरक्षण बचाव यात्रा का होगा स्वागत

**कोरबा।** बसपा के द्वारा आरक्षण बचाव यात्रा निकाली जा रही है। 29 सिंतबर को आरक्षण बचाव यात्रा का स्वागत सुभाष चौक में किया जाएगा। इस दौरान बसपा जिलाध्यक्ष फुलचंद सोनवानी, भगवती केमेनडीज,राजकुमार नांरगे, मुलचंद आजाद,सत्य जीत कुर्रे, तेरस बाई, मनोज हिरवानी, बाबूलाल टंडन सहित अन्य कार्यकर्ता माजूद रहेंगे। इस यात्रा को सक्ति के रवाना किया जाएगा

## बिजली व्यवस्था ठीक करने एसईकेएमसी गंभीर

**कोरबा।** पिछले दिनों एसईकेएमसी की आरआई बैठक गेवरा में आयोजित की गई। जिसमें बिजली व्यवस्था को ठीक करने मांग की गई ।कहा गया कि बिजली व्यवस्था को ठीक करने पर्याप्त कर्मियों की नियुक्ति की जानी चाहिए ।बैठक में उपस्थित विकास शुक्ला,डीके मिश्रा,छंद राम राठौर राहुल मिश्रा अनिल राठौर ने आगे कहा कि कालोनी में बिजली व्यवस्था ठीक होनी चाहिए।

# केंद्र के समान डीए कब, वादा पूरा नहीं होने से नाराज कर्मचारी हड़ताल पर

## चार मांगों को लेकर कामकाज से बनाई दूरी

**कोरबा।** अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन इस बात से नाराज है कि उसे महंगाई भत्ता केंद्र के समान आखिर कब मिलेगा। उसने सरकार को अपना पिछला वादा याद दिलाते हुए अफसोस जाहिर किया। अल्टीमेटम देने के बाद आज फेडरेशन से जुड़े लोग हड़ताल पर चले गए। इसके कारण सरकारी कार्यालयों में लगभग सन्नाटा नजर आया।

कुल चार मांगें फेडरेशन की है जिसे हड़ताल पर जाने का विकल्प बताया गया है। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में आज यह हड़ताल सरकारी सेक्टर में रही। जबकि औपचारिक कामकाज के लिए गिनती के कर्मचारी मौके पर रहे। कोरबा के आईटीआई तानसेन चौराहा पर कर्मियों ने पंडाल लगाकर धरना दिया। ब्लॉक मुख्यालय में भी उन्होंने ऐसे आयोजन किए और हड़ताल के औचित्य व मांगों की प्रासंगिकता के बारे में बात रखी। वे 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता को बढ़ाने की मांग पर अड़े हैं। फेडरेशन का आरोप है कि विधानसभा चुनाव के दौरान



छत्तीसगढ़ में इस बात को प्रचारित किया गया था कि सरकारी कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता का लाभ दिया जाएगा। लोकसभा चुनाव में भी इस मुद्दे पर फोकस किया गया। फेडरेशन ने 9 महीने बीतने के बाद भी इस मामले में नतीजे नहीं आने पर आक्रोश जताया। उन्होंने याद दिलाया कि सरकार की ओर से कहा गया था कि महंगाई भत्ते के एरियर्स की राशि कर्मियों के जीपीएफ खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी, उसका भी अता-पता नहीं है। कर्मियों ने अपनी तीन और मांगें रखी हैं और इन पर पुनर्विचार के साथ कार्रवाई करने को कहा है। फेडरेशन की ओर से कहा गया कि अगर वादे के तहत काम नहीं होता है तो आगे जरूरी कदम उठाए जाएंगे। अगले महीनों में पंचायत और नगरीय निकाय के चुनाव के मद्देनजर सरकार जरूर कुछ सोच सकती है।

## राज्य प्रशासन सेवा के अधिकारी शामिल नहीं

आज की हड़ताल को लेकर स्पष्ट किया गया है कि राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने न तो कोई समर्थन किया है और न ही वे हड़ताल पर हैं। उन्होंने कार्य स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। जिले में प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की उपस्थिति से आज के कार्यदिवस पर संबंधित कामकाज काफी हद तक होने की संभावना है।

## 300 दिवस का अवकाश नगदीकरण

अधिकारियों को अवकाश पर जाने का आवेदन देने के साथ कर्मचारी हड़ताल में शामिल हुए। पत्र में कहा गया है कि मोदी की गारंटी के तहत देय तिथि से 4 प्रतिशत डीए, जुलाई 2019 से देय तिथि पर लंबित महंगाई भत्ता का एरियर्स, एमपी की तरह 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकररण, 4 स्तरीय समयमान वेतनमान और केंद्र के समान एचआरए भी दिया जाए। सभी कर्मियों ने इन मांगों को लेकर आज कलमबंद-कामबंद हड़ताल की है।

## 13 टन कबाड़ व ट्रक जब्त



**कोरबा।** हरदीबाजार पुलिस ने अपने प्रयासों से अवैध कबाड़ और एक ट्रक को पकड़ने के साथ जब्त कर लिया। बिलासपुर निवासी वाहन चालक सलीम खान 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। उसके विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है।

बताया गया कि हरदीबाजार के नेवसा रोड रैकी पावर प्लांट क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई। रात्रि को पुलिस पेट्रोलिंग पर थी। इस दौरान 12 चक्का ट्रक सीजी-04जेसी-5860 को रूकवाया गया। चालक ने बताया कि वह तालापारा तैय्यबा चौक बिलासपुर का रहने वाला है। बरसाती पन्नी से ढंके ट्रक के भीतर चेक करने पर लोहे का एंगल, चेनल, चादर व स्क्रैप मिला। चालक ने बताया कि हरदीबाजार की आईडीएल कंपनी से लोड किया गया है जिसके कोई दस्तावेज नहीं हैं। पुलिस ने माना कि यह सब किसी अपराध की संपत्ति हो सकती है। उक्तानुसार 13 टन सामाग्री को जब्त कर लिया गया। इसकी कुल कीमत 10 लाख रुपए आंकी गई है। टीआई मृत्युंजय पांडेय और उनकी टीम ने यह कार्रवाई की।

## केंदई व पसान रेंज में हाथियों का उत्पात जारी

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केंदई व पसान रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। पसान रेंज के सेमरहा जंगल में घूम रहे 39 हाथियों ने जहां बीती रात खेतों में पहुंचकर बड़ी संख्या में फसल को रौंद दिया, वहीं केंदई रेंज के कोरबी सर्किल व कापानवापारा में मौजूद हाथियों के दल ने भी खेतों में पहुंचकर खरीफ फसल को नुकसान पहुंचाया है। हाथियों के उत्पात से क्षेत्रवासी परेशान हैं।

## सर्पदंश से मासूम की मौत

**कोरबा।** जहरीले सांप के काटने से एक 6 साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र के कोहड़िया ईलाके का है। घर पर सोते वक्त सांप ने उसे डस लिया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया,जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोरबा के कोहड़िया क्षेत्र में रहने वाली एक 6 वर्षीय मासूम बच्ची को जहरीले सांप ने काट लिया,जिससे जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका का नाम अंचल पटेल था,जो कक्षा पहली की छात्रा थी। बताया जा रहा है,कि रात के वक्त किसी जहरीले सांप ने उसे काट लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और उसका उपचार शुरु करवाया,बावजूद इसके उसकी जान नहीं बच सकी। मासूम बच्ची की मौत से पूरा परिवार सद्में में डूब गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर ली है। लाश पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

## श्रम मंत्री ने कहा- ईएसआईसी अस्पतालों में बढ़ाएं सुविधा



**कोरबा।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में प्रदेश के श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसी व्यवस्था बनाएं जिसमें श्रमिक और उनके परिवारों को डिस्पेंसरी से सीधे विशेषज्ञ हॉस्पिटल में रेफर कर सकें। वर्तमान में गंभीर बीमारी से ग्रस्त और इमरजेंसी में मरीजों को पहले ईएसआईसी के डिसपेंसरी फिर मुख्य अस्पताल से अनुबंधित अस्पताल रेफर करवाना पड़ता है। इस जटिल प्रक्रिया की वजह से श्रमिक परिवारों को काफी परेशानी का सामना न करना पड़े।

मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि, ईएसआईसी जब तक अपने अस्पतालों में सुविधा नही बढ़ाती तब तक मरीजों को अन्य अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराएं। कैबिनेट मंत्री ने प्रदेश के राइस मिल, मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, निजी स्कूल समेत अन्य संस्थान के सर्वे कर ज्यादा से ज्यादा कर्मियों को ईएसआईसी में पंजीकृत करने के निर्देश। उन्होंने बस्तर में जल्द कार्यालय और अस्पताल प्रारंभ करने निर्देशित किया। प्रदेश में 4 नए औषधालय शुरु करने के निर्देश दिया। साथ ही ईएसआईसी अस्पतालों में आईपीडी की सुविधा बढ़ाने को कहा

## ढेंगुरनाला पुल के नीचे मिला शव

**कोरबा।** ढेंगुरनाला मानस नगर स्थित पुल के नीचे एक अज्ञात युवक का शव पाया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर लाश को जिला अस्पताल के मर्च्युरी में भिजवा दिया।

सीएसईबी चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने बताया कि ढेंगुरनाला स्थित पुल के नीचे एक युवक का शव पाया गया है। उसकी उम्र लगभग 40 वर्ष होगी।

लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। मृतक की शिनाख्त करने का काफी प्रयास किया गया,लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिली। काफी मशक्कत के बाद युवक के शव को पानी से बाहर निकाला गया,फिर जरुरी कार्रवाई कर उसके शव को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी में भिजवा दिया गया।

## स्कूल के पास अतिक्रमण, मनचलों की हरकतों से छात्राएं परेशान



**कोरबा।** बालिका शिक्षा को बढ़ाने और शिक्षा परिसरों के आसपास सुरक्षित वातावरण देने के लिए लगातार दावे किए जा रहे हैं लेकिन कई स्थान पर काम होता नहीं दिख रहा है। जिले के कटघोरा कस्बे में बालिका हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने चौराहा पर अतिक्रमण बढ़ने से मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। स्कूल के अवकाश के दौरान मनचलों की हरकतों से छात्राओं को काफी दिक्कत हो रही है।

लोगों ने बताया कि चौराहे पर पहले इस तरह के हालात नहीं थे। कुछ समय पहले एक-दो दुकान लगनी शुरू हुई। फिर देखादेखी इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी हुई। यह सब अतिक्रमण का हिस्सा है। कई प्रकार की दुकानें यहां लग रही है। संचालकों की उपस्थिति से नगर पालिका को किसी प्रकार का लाभ नहीं है। फिर भी वह यहां इस प्रकार के काम-धंधे को एक तरह से बढ़ावा देने में लगी है। अतिक्रमण का विस्तार होने के चक्कर में नगर के लिए प्रस्तावित योजनाओं के सामने जहां चुनौती खड़ी हो गई है वहीं हायर सेकेंडरी स्कूल की बालिकाओं को हर दिन असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। छात्राओं के अनुसार स्कूल आने और पूरी छुट्टी होने पर यहां से निकलने के दौरान दुकानों के आसपास मनचलों का समूह मौजूद रहता है। उनकी ओर से अभद्र कमेंट पास किए जाते हैं। विरोध या आपत्ति करने का मतलब मुसीबत को बढ़ाने का है। पुलिस के संज्ञान में इस बात को लाया गया है। एसडीएम रोहित सिंह को अतिक्रमण के बारे में आज जानकारी दी गई, जिस पर उन्होंने नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित करने की बात कही।

### नोटिस दिया पर कार्रवाई नहीं

इससे पहले इस विषय को नगर पालिका की जानकारी में लाया गया था जिस पर सीएमओ के द्वारा यहां अतिक्रमण करने वालों को नोटिस थमाया गया। इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे अतिक्रमणकर्ता राहत महसूस कर रहे हैं।

## एनटीपीसी के ठेकेदार ने फांसी लगाई

**कोरबा।** हरदीबाजार थानांतर्गत ग्राम उतरदा रेल डबरी निवासी एक 23 वर्षीय युवक फांसी के फंदे पर लटक गया। बाद में उसकी जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक का नाम शुभम् पटेल था,जिसने 17 सितंबर को अपने माता पिता की मौजूदगी में यह आत्मघाती कदम उठाया था,जिसे आनन-फानन में जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया था,जहां आज सुबह उसने अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है,कि मृतक एनटीपीसी में रेलवे में ठेकेदारी का काम करता था। पूछताछ के दौरान पिता ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से परेशान चल रहा था।

## राहत जल्द नहीं

**कोरबा।** बारिश को लेकर अच्छी खबर नहीं है। खबरों के अनुसार आश्विन शुक्ल पक्ष के कम से कम 10 दिन तक मौसम का रूख ऐसा ही रहेगा। अगर इस दौरान सिस्टम बदला तो सहूलियत मिल सकती है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में सक्षम थीम पर हुए कई कार्यक्रम



**कोरबा।** राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत मनाए जा रहे पोषण माह में अंतिम सप्ताह की थीम सक्षम सप्ताह में एकीकृत महिला एवं बाल विकास कोरबा शहरी परियोजना के समस्त सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रों में बच्चों का डांस कॉम्पिटीशन कराया गया। पोषण से संबंधित ड्राइंग प्रतियोगिता और पोषण भी-पढ़ाई भी से संबंधित अनेक गतिविधियों को किया गया।

राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत पोषण माह में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कोरबा शहरी के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में किया जा रहा है। पोषण माह में अन्य विभागों के साथ समन्वय करके भी पोषण माह किया जा रहा है। इस तारतम्य में बांकीमोगरा में शिक्षा विभाग से समन्वय करके स्कूली बच्चों का फायरलैस कुकिंग कॉम्पिटीशन रखा गया। इस इस कॉम्पिटीशन में बच्चों ने बहुत रुचि से भाग लिया। उनके द्वारा बनाई गई फायरस फूड्स बहुत ही सराहनीय थे। आयोजन में शिक्षकों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण रही।

# मुक्ति का मार्ग ऐसे बताया गौकर्ण ने

## सिंधी भाषा में भागवत कथा हो रही नगर में

**कोरबा।** जय श्री कृष्ण सेवा समिति कोरबा द्वारा नगर में पहली बार सिन्धी भाषा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सिंधु भवन शहीद हेमू कालाणी नगर रानी रोड कोरबा में किया गया है।

श्री आनंदराम दरबार चकरभाटा से आए संत बलराम (एकादशी वाले) ने अपनी मधुर वाणी में सम उपस्थित धर्म प्रेमी जन को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि यह कथा श्रवण करने या श्रवण कराने से इसका फल तुरंत प्राप्त होता है। आगे उन्होंने बताया कि कैसे गोकर्ण महाराज ने अपने घोर अत्याचारी एवं पापी भाई जो कि अकाल मृत्यु से प्रेत योनि पाकर भटक रहा था एवं मुक्ति पाने के लिए तड़प रहा था को श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कराकर प्रेत योनि से न केवल मुक्ति दिलाई बल्कि वह भगवत स्वरूप पाकर स्वर्ग को





प्राप्त हुआ। इस शुभ अवसर की पूर्व संध्या पर सिन्धु महिला मंडल की अगुवाई में एक भव्य कलश यात्रा स्थानीय सप्तदेव मंदिर से सिन्धु भवन तक निकाली गई।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com